दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 277 | जयपुर, रविवार, 15 सितंबर, 2024 । भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 । मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### एशियन चैंपियंस में भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया



**बीजिंग।** एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। मुकाबला चीन में हुलुनबुइर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार पांचवीं जीत है। भारत के लिए दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किए। पाकिस्तान की ओर से अहमद नदीम ने गोल किया। भारत 5 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर है। जबकि पाकिस्तान 5 में से 2 मुकाबले जीतकर दूसरे नंबर पर है। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं।

### मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने किए तीन आतंकी ढेर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया है। पुलिस ने बताया कि बारामूला जिले के पट्टन तहसील के चक टप्पर क्रीरी इलाके में हुई मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गए। पुलिस ने बताया, "बारामूला जिले के चक टप्पर क्रीरी इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शुक्रवार देर शाम मुठभेड़ शुरू हुई थी।" उन्होंने कहा, बीती रात खराब रोशनी के कारण अभियान स्थगित कर दिया गया था। शनिवार सुबह अभियान फिर शुरू किया गया और मुठभेड़ में तीन आतंकियों को ढेर कर दिया गया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**प्रधानमंत्री का पशु प्रेम: मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर बछिया को दुलार करते वीडियो शेयर किया**


# पीएम आवास पर बछिया का जन्म, नाम रखा दीपज्योति... दुलारा

**बेधड़क** । नई दिल्ली/ जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पशुप्रेम खासतौर से गो प्रेम किसी से छिपा नहीं है। प्रधानमंत्री आवास पर बेहद खास ब्रीड (पुंगनूर नस्ल) की गाय ने एक बछड़े को जन्म दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो अपने घर में एक गाय के बच्चे के साथ दिख रहे हैं। वीडियो में पीएम मोदी गाय के बछड़े को दुलार करते दिख रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी कि उनके पीएम आवास में गाय के बछड़े का आगमन हुआ है। उन्होंने इस बछड़े का नाम दीपज्योति रखा है। उन्होंने लिखा, "हमारे शास्त्रों में कहा गया है – गावः सर्वसुख प्रदाः, लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गोमाता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है. इसलिए, मैंने इसका नाम 'दीपज्योति' रखा है।"





### आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले की देसी गाय बनी मां

पीएम आवास पर पुंगनूर नस्ल की यह गाय ने बछिया को जन्म दिया। इस नस्ल की गाय सुंदर होती है। जो इन्हें देखता है उसका मन मोह लेती है। यह दुनिया की सबसे छोटे कद की होती है। यह एक देसी गाय है, जो आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में पाई जाती है। पुंगनूर नस्ल अब विलुप्त होने के कगार पर है, अब इस नस्ल को बचाने की कोशिश की जा रही है। इस नस्ल की गाय ने पहली बार तब पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया था, जब मकर संक्रांति के मौके पर पीएम मोदी ने इनका दीदार कराया था।

### पुंगनूर गाय: ढाई फुट का कद दुर्लभ प्रजाति की है गाय

पुंगनूर गाय सामान्य गायों की तुलना में बहुत छोटी होती हैं। यह एक दुर्लभ प्रजाति की गाय है। इसका नाम आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के शहर पुंगनूर पर रखा गया है। पुंगनूर गाय सफेद और हल्के भूरे रंग की होती है, जिनका माथा काफी चौड़ा और सींग छोटे होते हैं। पुंगनूर गाय की औसत ऊंचाई ढाई फीट से तीन फीट के बीच होती है, वहीं, इस गाय का अधिकतम वजन 105 से 200 किलोग्राम तक होता है। यह गाय रोजाना 3 लीटर तक दूध देती है। इनके दूध में कई औषधीय गुण भी होते हैं। इसीलिए इन गायों का जिक्र पुराणों में भी मिलता है। इस गाय के दूध की खास बात यह है कि इसमें 8 प्रतिशत तक फैट पाया जाता है, जबकि अन्य गाय के दूध में फैट केवल 3 से 5 प्रतिशत ही फैट होता है। इसके अलावा पुंगनूर गाय के मूत्र में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इसका इस्तेमाल आंध्र प्रदेश के किसान फसलों पर छिड़काव के लिए करते हैं, ताकि फसलों का कीड़े-मकोड़ों से बचाव हो सके।

**राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम: कोरिया-जापान की यात्रा से लौटे मुख्यमंत्री**

# निवेशकों ने जताया भरोसा, 5 साल में अर्थव्यवस्था होगी डबल: सीएम

**जयपुर एयरपोर्ट से भाजपा मुख्यालय तक सीएम भजनलाल शर्मा का भव्य स्वागत**

**बेधड़क** । जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में विदेशी निवेशकों को आमंत्रित कर 6 दिवसीय कोरिया-जापान की यात्रा पूरी कर शनिवार को जयपुर लौटे। यात्रा से लौटने के बाद सीएम भजनलाल शर्मा का जयपुर एयरपोर्ट से लेकर भाजपा मुख्यालय तक जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का भी भाजपा कार्यकताओं की ओर से जयपुर एयरपोर्ट से भाजपा प्रदेश कार्यालय तक भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोरिया और जापान के निवेशकों में उत्साह है। अगले पांच साल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को डबल किया जाएगा।



### पहले पड़ता था अकाल, अब रिकॉर्ड तोड़ बारिश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि काम करने की ताकत कार्यकर्ता से आती है। जनता ने जो भरोसा किया, जो आशीर्वाद जनता ने अंतरआत्मा से दिया, उस संकल्प को हम पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कभी प्रदेश में अकाल पड़ता था, लेकिन इस बार तो बारिश ने भी रिकॉर्ड तोड़ दिया। प्रदेश के करीब-करीब सभी बांध भर गए। इसका मतलब यह हुआ कि जब आप कोई काम अच्छे मन से करने की कोशिश करते हैं तो ईश्वर भी साथ देता है।

### कोरिया-जापान में मोदी को लेकर भरोसा कायम

भजनलाल ने कहा कि कोरिया में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भरोसा है। इसलिए उन्होंने निवेश के लिए हमें आश्वस्त किया। हमने कोरिया के निवेशकों से कहा है कि आप आइए, जापान की तर्ज पर कोरिया का कॉरिडोर बनाइए। सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार की इच्छा शक्ति नहीं थी, इसलिए प्रदेश में इन्वेस्टर नहीं आए। इसलिए जो भी एमओयू होगा वो धरातल पर उतरेगा। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माता आए और उन्होंने राजस्थान में फिल्म सिटी बनाने की इच्छा जताई। हमने 4 घंटों में जमीन अलॉट कर दी। इसलिए हम कहते हैं कि हम दिनों में नहीं, बल्कि घंटों में भरोसा करते हैं।

### सभी भाषाओं के लिए खोलेंगे महाविद्यालय

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि प्रदेश में हर क्षेत्र में निवेश की संभावना है। हम उन संभावनाओं को लेकर आगे बढ़ेंगे। 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को दिल्ली में रोड शो होगा। उस दिन कई कंपनियों से एमओयू होगा। राजस्थान को एक नई उड़ान मिलेगी। सीएम ने कहा कि अक्टूबर के पखवाड़े में निवेश का लक्ष्य पूरा कर लेंगे। जो भाव, जो उम्मीद जनता और युवाओं को हम से है, उसे हम पूरा करेंगे। जापान की एक कंपनी ने आश्वासन दिया है कि वो प्रदेश में निवेश के साथ 15 हजार युवाओं को नौकरी देगी। इसके लिए पहले प्रदेश में उनकी ट्रेनिंग होगी। सीएम ने कहा कि विदेश दौरे से अनुभव हुआ कि सभी भाषाओं का ज्ञान होना जरूरी है। इससे युवा विदेशों में काम कर सकेगा। इसलिए हम प्रदेश में विदेशी सभी भाषाओं के लिए महाविद्यालय खोलेंगे।

### आने वाले समय में प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी : मदन राठौड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आने वाले समय में राजस्थान में निवेशकों की भरमार होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम ने दक्षिण कोरिया और जापान में जिस तरह से निवेशकों से मुलाकात की और उन्हें राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया, उससे आने वाले समय में प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। राठौड़ ने पूर्ववर्ती सरकार को निशाने ओर लेते हुए कहा कि इन्वेस्टमेंट समिट तो कांग्रेस सरकार में हुई, लेकिन निवेशक नहीं आए।

***ये रहे मौजूद:*** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जयपुर पहुंचने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा राजस्थान के प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल, डिप्टी सीएम दिया कुमारी, पूर्व अध्यक्ष अशोक परनामी, सीपी जोशी, भाजपा महामंत्री एवं सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल के अलावा भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, सीआर चौधरी, चुन्नीलाल गरासिया, सरदार अजयपाल सिंह, मोतीलाल मीणा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, संतोष अहलावत, ओम प्रकाश भडाणा, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनियां, भूपेंद्र सैनी, स्टेफी चौहान, अजीत मॉडन, मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायकों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एससी-एसटी मोर्चा के साथ सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ और विभागों के संयोजक एवं सह संयोजकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत अभिनंदन किया।

**जहाजपुर: जलझूलनी एकादशी पर बवाल**

# जुलूस पर पथराव, बाजार बंद... पुलिस बल मौके पर तैनात

- आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा धरने पर बैठे



**बेधड़क** । जयपुर/भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में से बने नए जिले शाहपुरा में शनिवार को पथराव के बाद माहौल गर्मा गया। जानकारी के अनुसार शाहपुरा जिले के जहाजपुर कस्बे में शनिवार दोपहर को जलझूलनी एकादशी के मौके पर निकाले गए जुलूस पर पथराव हुआ। जिसके बाद अफरा-तफरा मच गई। सूचना पर जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा पहुंचे और कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही जुलूस आगे बढ़ेगा। बाद में मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारियों ने विधायक से समझाइश की। पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह मघवंशी, थाना प्रभारी नरपत राम बना सहित पुलिस जाप्ता मौके पर मौजूद रहा।

### बाजार रहे बंद

इस घटना के बाद जहाजपुर कस्बे में तनाव रहा। कस्बे के बाजार बंद कर दिए गए। अजमेर रेंज के डीआईजी ओम प्रकाश के अनुसार फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। आरोपियों का पता लगाने में पुलिस टीमें जुटी हुई है। गौरतलब है कि जहाजपुर कस्बे में जलझूलनी एकादशी पर किले सहित सभी मंदिरों के भगवान के बेवान भंवर कला तालाब में जलविहार के लिए ले जाए जाते हैं। देर रात तक यह वापस अपने-अपने मंदिर पहुंचते हैं। किले से पीतांबर राय महाराज भगवान का धार्मिक जुलूस एक अन्य संप्रदाय के धार्मिक स्थल से गुजर रहा था, उसी वक्त यह घटना हुई।

## गहलोत को सीनियर ऑब्जर्वर बनाया

**बेधड़क** । जयपुर



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तीन माह के बेड रेस्ट के बाद शुक्रवार को दिल्ली दौरे पर गए। इसके तुरंत बाद ही उनको महत्वपूर्ण चुनावी राज्य हरियाणा की जिम्मेदारी सौंप दी गई। कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए सीनियर ऑब्जर्वर बनाया है। एआईसीसी ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। कांग्रेस आलाकमान ने गहलोत के साथ-साथ अजय माकन और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को भी वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया है।

(पेज 02 भी देखें)

**प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव**

# एक और विधानसभा सीट खाली, अब 6 नहीं 7 सीटों पर होगा उपचुनाव

- अलवर के रामगढ़ विधायक जुबेर खान के निधन से सीट हुई खाली
- विधानसभा में कांग्रेस के अब रह गए हैं 65 विधायक
- अब राजनीतिक दलों को बनानी पड़ेगी सात सीटों की रणनीति

**बेधड़क** । जयपुर/अलवर

अलवर जिले की रामगढ़ विधानसभा सीट के कांग्रेस विधायक जुबेर खान का शनिवार को निधन हो गया। विधानसभा में अब कांग्रेस विधायकों की संख्या 65 रह गई है। अब तक सियासी हलकों में, खासकर मुख्य राजनीतिक दल में प्रदेश की छह सीटों के उपचुनाव की तैयारी की जा रही थी। अब रामगढ़ सीट भी खाली होने से 7 सीटों के समीकरणों को लेकर रणनीति बनानी पड़ेगी। खासकर, कांग्रेस को रामगढ़ में नया प्रत्याशी ढूंढ़ना पड़ेगा।

### 5 विधायकों के सांसद बनने से सीट खाली

अलवर जिले से रामगढ़ विधानसभा सीट के विधायक जुबेर खान के निधन के कारण अब राजस्थान की 7 सीटें खाली हो गई हैं। जहां आने वाले दिनों में उपचुनाव होगा। इससे पहले लोकसभा चुनाव में प्रदेश के 5 विधायकों के चुनाव जीतने के कारण पांच सीटें खाली हुई थी, जिसके बाद एक सीट पर भाजपा के विधायक का निधन हो गया था, अब प्रदेश की एक सीट पर कांग्रेस विधायक के निधन के बाद उपचुनाव में सीटों की संख्या बढ़कर 6 से 7 हो गई है।



### जुबेर खान की पत्नी भी रह चुकी हैं विधायक

बता दें कि जुबेर खान 1990, 1993 और 2003 में कांग्रेस के टिकट पर विधायक रहे। 1998, 2008 और 2013 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन बीजेपी के ज्ञानदेव आहूजा ने उन्हें हराया। इसके बाद पार्टी ने 2018 में उनकी पत्नी साफिया जुबेर को टिकट दिया, जिन्होंने बीजेपी प्रत्याशी सुखवंत सिंह को 12 हजार से ज्यादा वोटों से हराया। जुबेर खान ने 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी।

### इन सीटों पर होने हैं उपचुनाव

- देवली उनियारा: कांग्रेस विधायक हरीश मीणा अब सांसद बन चुके हैं।
- दौसा विधानसभा सीट, कांग्रेस विधायक मुरारीलाल मीणा अब सांसद बन चुके हैं।
- झुंझुनूं विधानसभा सीट, कांग्रेस विधायक बृजेंद्र ओला अब सांसद बन चुके हैं।
- चौरासी विधानसभा सीट, BAP विधायक राजकुमार रोत अब सांसद बन चुके हैं।
- खींवसर विधानसभा सीट, RLP विधायक हनुमान बेनीवाल अब सांसद बन चुके हैं।
- सलूंबर विधानसभा सीट, बीजेपी विधायक अमृतलाल मीणा का निधन हो चुका है।
- रामगढ़ विधानसभा सीट, कांग्रेस विधायक जुबेर खान का निधन हो चुका है।

### रामगढ़ सीट पर एक बार हो चुका उपचुनाव

अलवर की रामगढ़ विधानसभा पर वर्ष 2018 में बसप प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह के चुनाव प्रचार के दौरान निधन के बाद 7 दिसंबर को होने वाला चुनाव चुनाव स्थगित हो गया था। उसके बाद 28 दिसंबर को उपचुनाव हुआ थे, जिसमें कांग्रेस की साफिया जुबेर जीती थीं। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में जुबेर खान ने जीत हासिल की थी, लेकिन अब बीमारी के बाद उनका निधन हो गया। देवली उनियारा, दौसा, झुंझुनूं, चौरासी, खींवसर, सलूंबर तथा अलवर की रामगढ़ विधानसभा सीट पर अब उपचुनाव होंगे।

## जरूरी खबर

### तेजाजी मंदिर को राष्ट्रीय स्मारक बनाने की मांग



**जयपुर।** पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा ने शनिवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात की। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से नागौर के खरनाल स्थित लोकदेवता श्री वीर तेजाजी मंदिर को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करवाने की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने बजट में घोषित खरनाल मंदिर के विकास की वित्तीय स्वीकृति जारी का आग्रह किया जिससे स्पेशल कॉरिडोर प्रोजेक्ट तैयार किया जा सके। मुलाकात के दौरान नागौर संसदीय क्षेत्र में विकास सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

### हरियाणा में पार्टी के प्रचार में जुटे शेखावत

**जयपुर।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना प्रचार शुरू कर दिया है। राजस्थान के बड़े नेता हरियाणा में पार्टी उम्मीदवारों का प्रचार कर रहे हैं। इसी सिलसिले में शनिवार को केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने हरियाणा के सिरसा घोघड़ा गांव , भिवानी क्षेत्र के तिगड़ाना गांव व खरक कलां गांव में जनसभा की। शेखावत ने खरक कलां गांव में भाजपा प्रत्याशी कपूर वाल्मीकि के समर्थन में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बदलाव के लिए झूठ फैलाती बेईमान पार्टियों को जनता का समर्थन नहीं मिलने वाला। कांग्रेस और उसकी तरह की अन्य पार्टियां भ्रष्टाचार को लोककल्याण मानती हैं,इनका इतिहास देख लें।

### सुपुर्दे खाक हुए कांग्रेस विधायक जुबेर खान



**जयपुर।** रामगढ़ विधानसभा से चार बार विधायक रहे जुबेर खान का शनिवार को निधन हो गया। जुबेर खान की पत्नी व पूर्व विधायक साफिया जुबेर खान ने इंतकाल की जानकारी दी। शनिवार को दोपहर करीब 3 बजे जुबेर खान को उनकी कर्मभूमि रामगढ़ में सुपुर्द ए खाक किया गया। जुबेर खान का पार्थिव शरीर एक काफिले के साथ रामगढ़ के गुरुद्वारा मोड़ पहुंचा। उनके निजी फार्म हाउस पर उनको सुपुर्दे खाक खाक किया गया । इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने जुबेर खान के निधन पर शोक व्यक्त किया।

---

**कांग्रेस ने सौंपी जिम्मेदारी, प्रदेश के पूर्व सीएम को बनाया सीनियर ऑब्जर्वर**

# हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की कमान संभालेंगे गहलोत

**बेधड़क** | जयपुर

हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कंधों पर डाली है। कांग्रेस की ओर से शनिवार को अशोक गहलोत को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया है।

गहलोत के अलावा अजय माकन और प्रताप सिंह बाजवा को भी सीनियर ऑब्जर्वर बनाया गया है। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए। अब अशोक गहलोत पर हरियाणा में पार्टी की नैया पार लगाने की जिम्मेदारी होगी। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए

■ **स्टार प्रचारकों की लिस्ट में गहलोत-पायलट व डोटासरा का नाम**



अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की थी। इसमें 40 नेताओं के नाम थे। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का नाम शामिल था। इन तीनों ही नेताओं का राजनीतिक कद हाल ही में आए लोकसभा चुनाव रिजल्ट के बाद बढ़ा है। विधानसभा चुनाव में बीजेपी से मात खाने वाली कांग्रेस ने राजस्थान में भाजपा से लगभग आधी सीटें छीन ली हैं। तभी से अंदेशा लगाया जा रहा था कि इन नेताओं को आगे बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

### दिल्ली दौरे के बाद तय था जिम्मेदारी मिलना

राजस्थान की राजनीति के जादूगर कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बीते लम्बे समय से स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। गहलोत 30 मई से अब तक पूरी तरह बेड रेस्ट पर थे। अब धीरे-धीरे स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद सबसे पहले 12 सितंबर को दिल्ली दौरे पर गए, जहां उन्होंने पार्टी आलाकमान से मुलाकात की। तभी से चर्चाएं थीं कि गहलोत को बड़ी जिम्मेदारी मिलने वाली। इस यात्रा के दो दिन बाद ही आज आदेश जारी कर दिया गया।

### कड़वाहट भूल साथ काम करेंगे माकन-गहलोत

अजय माकन के राजस्थान प्रभारी रहते हुए गहलोत से कड़वाहट बढ़ गई थी। कुछ समय बाद ही माकन को राजस्थान प्रभारी पद से हटा दिया था। कड़वाहट के पीछे विधायक दल की बैठक नहीं होने देना कारण था। 25 सितंबर 2022 को विधायक दल की बैठक बुलाने के बावजूद गहलोत गुट के विधायक नहीं पहुंचे थे, नए नेता का चुनाव करने का अधिकार हाईकमान पर छोड़ने का एक लाइन का प्रस्ताव पारित नहीं हो सका था। उस वक्त माकन के साथ मल्लिकार्जुन खरगे भी ऑब्जर्वर बनकर जयपुर आए थे। दोनों नेता सीएम हाउस पर आधी रात तक विधायकों का इंतजार करते रहे, लेकिन गहलोत खेमे के विधायक नहीं आए। जिसके बाद दोनों नेताओं के बीच खटास आ गई थी। अब उम्मीद है कि माकन-गहलोत कड़वाहट भूल साथ काम करेंगे।

---

**भाजपा प्रदेश प्रभारी का नेता प्रतिपक्ष पर कड़ा प्रहार**

# भारत विरोधी टूलकिट हैं राहुल गांधी, रच रहे देश विरोधी षड्यंत्र

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से अमेरिका यात्रा के दौरान दिए गए बयान पर बीजेपी हमलावर है। भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने भी राहुल गांधी को निशाने पर लिया। अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी एक व्यक्ति नहीं, भारत विरोधी टूलकिट हैं। विदेश में जाकर देश विरोधी षड्यंत्र उनके व्यक्तित्व का हिस्सा है।

अग्रवाल ने कहा कि भारत का मान सम्मान कैसे घटे, भारत में जातीय संघर्ष कैसे हो, देश को टुकड़े टुकड़ों में कैसे कैसे बांट सके इस तरह की सोच राहुल गांधी की है।

पूरी दुनिया के सामने कैसे भारत की छवि खराब हो इस तरह के बयान राहुल गांधी देते हैं। रामदास ने कहा कि राहुल गांधी भारत के बाहर जाकर आरक्षण समाप्त करने का बयान देते है, आखिर इस तरह के बयानों से वह क्या साबित करना चाहते हैं?

बता दें कि अमेरिका का दौरा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक कार्यक्रम में आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा था कि बीजेपी और आरएसएस यह नहीं समझते कि यह देश सभी का है। आरएसएस कहती है कि कुछ राज्य अन्य राज्यों की तुलना में कमतर हैं। कुछ भाषाएं, कुछ धर्म, समुदाय अन्य की तुलना में कमजोर समझते हैं। हमारी लड़ाई इसी के बारे में है। आरएसएस भारत को नहीं समझती। राहुल गांधी ने टेक्सास यूनिवर्सिटी में लोकसभा चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाए।

■ **अमेरिका यात्रा के दौरान दिए बयान के बाद राहुल भाजपा के निशाने पर**



### कुछ दल आदिवासियों को भटका रहे

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को अनुसूचित जाति व जनजाति मोर्चो की प्रदेश स्तरीय बैठकों का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश पदाधिकारी, सदस्यता अभियान संयोजक एवं उपचुनाव वाली विधानसभा के प्रभारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी राधामोहनदास अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमें केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक लेकर जाना चाहिए। अनुसूचित जाति, व जनजाति मोर्चो के पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान को वार्ड स्तर तक के कार्यकर्त्ता को समझाकर भाजपा का सदस्य बनाना है। आने वाले उपचुनावों में अनुसूचित जाति व जनजाति मोर्चो की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे झूठ से जनता को अवगत करना है और उपचुनाव में संगठन को मजबूती प्रदान करनी है।

### कांग्रेस का झूठ ज्यादा दिन तक चलने वाला नहीं: मदन राठौड़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसने मुझ जैसे जमीनी कार्यकर्त्ता को प्रदेशाध्यक्ष बनाया। भाजपा की एससी व एसटी वर्ग को लेकर नीति व नियत स्पष्ट है। आज विपक्ष जो झूठ फैला रहा है वह ज्यादा दिन तक चलने वाला नहीं है। राठौड़ ने कहा भाजपा हमेशा एसटी , एससी और पिछड़े वर्ग के आरक्षण के पक्ष में रही है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का विदेश में जाकर आरक्षण विरोधी बयान बहुत निंदनीय है। निश्चित ही मन की बात जुभा पर आ ही जाती है। हम राहुल गांधी के इस आरक्षण विरोधी बयान का पुरजोर विरोध करते है।

---

**किरोड़ी लाल मीणा का ऐलान**

# भारी बारिश से किसानों के नुकसान की भरपाई करेगी सरकार

■ **आपदा मंत्री ने किया अपने विस क्षेत्र का दौरा**

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में इस बार रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई है। भारी बारिश कई जिलों के लोगों के लिए आफत बन गई है। बारिश से जान-माल के नुकसान के साथ-साथ किसानों का भारी क्षति हुई है। किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। इस कारण प्रदेश के अलग-अलग जिलों से किसान क्षतिपूर्ति की मांग कर रहे हैं। बीते दिनों किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी ने क्षतिपूर्ति के मामले में बड़ा बयान देते हुए कहा था कि सरकार किसानों को मुआवजा देगी। अब राज्य के आपदा मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने भी किसानों के मुआवजे पर बड़ा बयान दिया है।

शनिवार को सवाई माधोपुर में कृषि और आपदा प्रबंधन मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान मंत्री ने पिछले दिनों जिले में हुई भारी बारिश को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही किरोड़ी लाल ने कहा कि जिले में बारी बारिश से हुए व्यापक नुकसान की भरपाई पूरी तरीके से सरकार करेगी।



### आमजन की समस्याएं सुनी

मंत्री ने फूल उत्कृष्टता केंद्र में जन सुनवाई की और आमजन की समस्याएं सुनी। जन सुनवाई के दौरान डॉक्टर किरोड़ी ने आमजन से कहा कि आप जरा भी चिंता ना करें ,आप के नुकसान की भरपाई की जायेगी। जिले में जो भी पुलिया और सड़क छतिग्रस्त हुई है, उन्हें जल्द ही सर्वे करवाकर सार्वजनिक निर्माण विभाग से ठीक करवाया जायेगा। जन सुनवाई के दौरान अधिकतर वो ही लोग थे जिनका बारिश की वजह से नुकसान हुआ है।

### पूरी तरीके से भरपाई होगी

आगे मंत्री किरोड़ी लाल ने कहा कि भारी बारिश से नुकसान चाहे किसान की फसलों का हुआ हो, व्यापारी का हुआ हो, आमजन के घर गिरे हो वह व्यक्ति अमीर हो चाहे गरीब सभी के नुकसान की पूरी तरीके से भरपाई की जाएगी। इसके लिए जल्दी ही सभी इलाकों में सर्वे करवाया जाएगा। साथ ही भारी बारिश से प्रभावित लोगों की समस्याएं जल्द दूर करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और जिले में बारिश से हुए नुकसान की एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया।

---

**फॉयसागर झील पर मनाया जल महोत्सव**

# दुरुस्त होगा अजमेर का ड्रेनेज सिस्टम

**बेधड़क** | जयपुर

अजमेर जिले की फॉयसागर झील पर पहली बार जल महोत्सव मनाया गया। मंत्रोच्चारण एवं हरि नाम संकीर्तन के साथ आध्यात्मिक माहौल में हजारों लोग झील पर जुटे एवं ईश्वर का आभार जताया।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल प्रशंसनीय है। जलझूलनी एकादशी का पौराणिक महत्व है। भगवान विष्णु से जुड़ी यह तिथि हमें जल का महत्व समझाती है। इस साल प्रदेश में बहुत अच्छी वर्षा हुई है। अजमेर में अत्यधिक बारिश हुई है। कई क्षेत्रों में जलभराव हुआ है। लोगों को परेशानी भी हुई। लगातार प्रयासों से पानी उतर गया है। लेकिन भविष्य को देखते हुए ड्रेनेज के लिए एक दीर्घकालिक योजना पर जल्द काम शुरू होगा।



अजमेर में वर्ष 1936 से पहले सैकड़ों सालों से मौजूद रही ड्रेनेज व्यवस्था को पुनजीर्वित करने की योजना पर काम किया जाएगा। इसके लिए एक्सपर्ट और सोसायटी के व्यूज भी लिए जाएंगे। आगामी सालों में जलभराव ना हो इसकी पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी उपस्थित रहे।

---

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दिए संकेत**

# 'वन स्टेट वन इलेक्शन' फॉर्मूले पर सरकार गंभीर

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा सरकार राजस्थान में 'वन स्टेट वन इलेक्शन' वाला फॉर्मूला लागू करने की पूरी तैयारी में है। ऐसे संकेत केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दिए हैं। उन्होंने बीकानेर प्रवास के दौरान उन्होंने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पार्टी 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' के मुद्दे को लेकर गंभीर है। इसे लागू करके बार-बार आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्यों में हो रही रुकावटों को दूर किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व लोकसभा अध्यक्ष रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी की रिपोर्ट आ गई है। 'वन नेशन वन इलेक्शन' हमारे विचार में है। इसके तहत हम चाहते हैं कि नगर पालिकाओं, नगर निगमों के चुनाव के चुनाव एक साथ हो जाएं। बार-बार चुनावों के चलते आचार संहिता लागू होने से राज्य का विकास प्रभावित होता है। हम वन स्टेट-वन इलेक्शन के पर काम कर रहे हैं। राजस्थान में जल्द वन स्टेट वन इलेक्शन वाला फॉर्मूला लागू होगा। ऐसे में कई नगर निकायों में नवंबर में कार्यकाल पूरा हो जाएगा। इसके बाद माना जा रहा है कि सरकार इनके कार्यकाल को बढ़ाकर वहां प्रशासक नियुक्त करेगी। इसके लिए सरकार के स्तर पर बातचीत भी चल रही है और मंथन भी हो रहा है। निकट भविष्य में इसकी घोषणा भी हो सकती है।



---

**विदेश से लौटते ही CM भजनलाल ने अधिकारियों के साथ की बैठक**

# ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024, स्वच्छता अभियान को लेकर की चर्चा

■ **वीसी के माध्यम से जुड़े कलेक्टर और अधिकारी**

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 6 दिवसीय विदेश यात्रा से शनिवार को जयपुर लौट आए। विदेश लौटने के बाद सीएम भजनलाल एक्शन मोड में दिखे। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा एक अन्य बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छता अभियान को को लेकर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों के साथ आगामी निवेश सम्मेलन की रणनीतिक योजना, कार्यान्वयन प्रक्रिया और अपेक्षित परिणामों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, सम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। हमारी सरकार राज्य के समग्र विकास और आर्थिक समृद्धि के लिए दृढ़ संकल्पित है। राज्य सरकार का सुस्पष्ट लक्ष्य है कि आगामी राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के माध्यम से राजस्थान में रोजगार के नवीन एवं विविध अवसरों का सृजन हो, औद्योगिक क्षेत्र का व्यापक विस्तार संभव हो, तथा समावेशी एवं संतुलित विकास को सुदृढ़ आधार मिले।



### प्रधानमंत्री आवास योजना पर बात

बैठक में सीएम भजनलाल ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, प्रदेश के समस्त संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर्स के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक को संबोधित किया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की वर्तमान प्रगति और क्रियान्वयन, स्वच्छता ही सेवा अभियान की रूपरेखा, रोजगार उत्सव की तैयारियों, जनकल्याण को समर्पित विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण और प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

### बाढ़ प्रभावित इलाकों में कार्रवाई के निर्देश

मुख्यमंत्री ने इस दौरान अत्यधिक वर्षा के कारण राहत कार्यों के लिए प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को इन विषयों पर त्वरित कार्यवाही करने, समन्वय बनाए रखने, प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने और निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### सीएम आज जाएंगे बैनाड़ा धाम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को बस्सी के श्री सिद्धपीठ बैनाड़ा धाम जाएंगे। सीएम सुबह 8:30 बजे बैनाड़ा धाम के लिए जयपुर से रवाना होंगे। सीएम शर्मा अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से मुख्यमंत्री का आभार जताया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री का सुबह 10.30 बजे जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।

**जरूरी खबर**

### 12 से अधिक क्रेटा कार चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर।** वैशाली नगर थाना पुलिस ने अन्तरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन चोर अकील अहमद को गिरफ्तार कर जयपुर शहर से चोरी हुई तीन क्रेटा कार बरामद की हैं। आरोपी ने 12 से अधिक वाहन चोरी करना कबूल किया है। ये लोग नये रजिस्ट्रेशन नम्बर से इन चोरी की कार को चला रहे थे। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि शहर में बढ रही वाहन चोरी को लेकर कमिश्नरेट की सीएसटी और जिलों की डीएसटी को विशेष निर्देश दिए हुए थे। गिरफ्तार अकील अहमद पुत्र अजीज अहमद निवासी रानीका थाना नुह, जिला मुंह हरियाणा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने गिरोह के के साथ राजस्थान हरियाणा पंजाब दिल्ली में वाहन चोरी की कई वारदात करना कबूला है।

### ओवर स्पीड स्कॉर्पियो की टक्कर से महिला की मौत

**जयपुर।** राजधानी में एक बार फिर हिट एंड रन का एक केस सामने आया है। इसमें ओवर स्पीड स्कॉर्पियो की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई और युवक घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर स्कॉर्पियो और ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) के हेड कॉन्स्टेबल भगवान सिंह ने बताया कि हादसे में लक्ष्मीनारायणपुरी रामगंज निवासी चौथी देवी (60) पत्नी लक्ष्मीनारायण सैनी की मौत हो गई। घायल रवि बंजारा (18) निवासी लक्ष्मीनारायणपुरी रामगंज को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटनाक्रम के मुताबिक, राजापार्क स्थित परनामी मंदिर में चौथी देवी फूल की दुकान करती थी। उनकी दुकान पर रवि बंजारा काम करता था। रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर दोनों घर जाने के लिए परनामी चौराहे पर रोड किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**हेरिटेज नगर निगम की ओर से मनाया गया जल महोत्सव**

# आमेर मावठा को चुनरी ओढ़ाकर किया सरोवर पूजन

**बेधड़क** | जयपुर

जलझूलनी एकादशी के अवसर पर आमजन आमजन के हर्ष और उल्लास में शामिल होने के लिए नगर निगम हेरिटेज की ओर से जल महोत्सव 2024 आमेर के प्रसिद्ध मावठा सरोवर में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आमेर विधायक प्रशांत सहदेव शर्मा ने मावठा सरोवर को चुनरी ओढ़ाकर सरोवर का पूजन और अर्चन किया। हेरिटेज निगम की हवामहल-आमेर जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने आमेर विधायक प्रशांत शर्मा और अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

### मावठा-सरोवर सदैव जल से भरे रहें

विधायक प्रशांत शर्मा ने जल देवता से कामना की कि मावठा सरोवर सदैव जल से भरा रहे। उपायुक्त तनुजा सोलंकी ने प्राकृतिक सरोवर और जलाशयों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एडीएम उत्तर सीमा शर्मा, आमेर महल अधीक्षक राकेश छोलक, निगम अधीक्षण अभियंता केएल मीणा, निगम उद्यान अधीक्षक छाजूराम मीणा, पार्षद अंजलि ब्रहुमभट्ट, हनुमान गुर्जर सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### मनोहरा तालाब में जल पूजन कर गंगा मैया को ओढ़ाई चुनरिया

**चाकसू.** मनोहरा तालाब की पाल पर राजस्थान जल महोत्सव 2024 के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक रामावतार बैरवा के मुख्य आतिथ्य में मनोहरा तालाब का विधिवत जल पूजन किया गया, वही गंगा मैया को चुनरी भी ओढ़ाई गईं। जलझूलनी एकादशी पर नगरपालिका द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी डॉ.बनवारी लाल मीणा, पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा, पार्षद मांगीलाल, दिनेश शर्मा, वसीम खान, रफीक खान, समेत कई गणमान्य जनप्रतिनिधि और नगर पालिका क्षेत्र ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**शहरभर में जलझूलनी एकादशी धूमधाम से मनाई, मंदिरों में हुए धार्मिक कार्यक्रम**

# ठाकुर जी ने किया जल विहार डोल के नीचे से निकले श्रद्धालु



**बेधड़क** | जयपुर

भाद्रपद शुक्ल एकादशी शनिवार को जलझूलनी एकादशी धूमधाम से मनाई गई। शाम को मंदिरों से डोल निकले। शालिग्रामजी को पालकी में विराजमान कर शंख-घंटा-घड़ियाल बजाते हुए जयकारों के साथ डोल यात्राएं निकाली गई। श्रद्धालु डोल के नीचे से निकले। ठाकुरजी के दर्शन किए। इसके बाद ठाकुरजी को जल विहार कराया गया।

आराध्य देव गोविंददेव जी मंदिर में जल झूलनी एकादशी झूलन महोत्सव के रूप में मनाई गई। मंदिर महंत अंजन कुमार जी गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर श्री शालिग्रामजी भगवान को चांदी के खाट पर विराजमान कर मंदिर के दक्षिण पश्चिमी चौक तुलसी मंच पर ले जाया गया। यहां वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक कर चंदन श्रृंगार किया गया। आरती और भोग अर्पण के बाद हरिनाम संकीर्तन के साथ तुलसी मंच की चार परिक्रमा कराकर पुनः ठाकुर श्री शालिग्राम जी को खाट पर विराजमान कर मंदिर की एक परिक्रमा कराकर निज मंदिर में प्रवेश कराया गया। शालिग्रामजी को ठाकुर श्रीजी के समीप विराजमान किया गया। उसके बाद संध्या झांकी आरती दर्शन खुले। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विशेष झांकी के दर्शन किए। इससे पूर्व ठाकुर श्रीजी का सुबह मंगला झांकी बाद वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। लाल रंग की नवीन नटवर वेश की पोशाक धारण कराकर गोचारण लीला के विशेष श्रृंगार धारण कराए गए। ठाकुरजी को 1100 किलो फलों का भोग लगाया गया। फलों में विशेष रूप से सेव, नाशपती, पपीता, अनार, अन्नानास, अंगूर शामिल थे।

### जगन्नाथ सरोवर में लक्ष्मी-जगदीश जी ने किया नौका विहार

गोनेर के श्री लक्ष्मी जगदीश मंदिर में जलझूलनी एकादशी पर भगवान लक्ष्मी-जगदीश महाराज के मेला लगा। महंत हनुमान दास के सान्निध्य में सुबह ठाकुरजी का अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवाई गई। मेले में जयपुर के अलावा दौसा, करोली, सवाई माधोपुर, अलवर, टोंक सहित कई जिलों के श्रद्धालु जगदीश महाराज के दर्शन करने के लिए पहुंचे। शाम को आराध्य देव लक्ष्मी जगदीश भगवान अपने निज मंदिर से शहनाई, बैंड बाजों के साथ जयकारे लगाते हुए जगन्नाथ सरोवर पर ले जाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हुजूम डोल यात्रा में शामिल हुआ। सरोवर में नाव से ठाकुरजी को जल विहार कराया गया। श्री लक्ष्मी जगदीश मंदिर प्रबंध समिति गोनेर के महंत हनुमान दास ने बताया कि विजय हनुमान मंदिर के सामने आरती उतारने के बाद ठाकुर जी की नौका को मुख्य घाट पर लाया गया। जहां से जगदीश भगवान पालकी में विराजमान होकर पुन: निज मंदिर के लिए प्रस्थान किया। शोभायात्रा में बलवंत व्यायामशाला के स्वयंसेवकों ने करतब दिखाया। मंदिर में सभी को मालपुआ खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

### सरस निकुंज में सजी पालकी झांकी

सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में शनिवार को जलझूलनी-परिवर्तनी एकादशी पर पालकी झांकी के दर्शन कराए गए। श्री शुक सम्प्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में श्री सरस परिकर की ओर से सामूहिक रूप से पदावलियों गायन किया गया। शालिग्राम जी को परिकर में भ्रमण कराकर जल विहार का भाव कराया गया।

### यहां भी मनाया एकादशी का उत्सव

चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदर जी मंदिर में महंत मलय गोस्वामी के सान्निध्य में जलझूलनी एकादशी पर ठाकुरजी को जल विहार कराया गया। पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथ जी मंदिर में महंत सिद्धार्थ गोस्वामी के सान्निध्य में विशेष उत्सव झांकी सजाई गई। रामगंज बाजार स्थित लाड़लीजी मंदिर में महंत डॉ. संजय गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी को जल विहार के पदों से रिझाया गया। जगतपुरा स्थित श्री कृष्ण बलराम मंदिर में लड्डू गोपाल को कृत्रिम सरोवर में जल विहार कराया गया। भक्त कृष्णनाम संकीर्तन करते रहे।

### आज मनाई जाएगी वामन जयंती

गोविंददेव जी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष द्वादशी रविवार को वामन जयंती मनाई जाएगी। निज मंदिर में राजभोग झांकी पूर्व शालिग्राम जी (नारायण जी) का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद राजभोग आरती के दर्शन होंगे। वहीं, भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर निज मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में राजभोग झांकी पूर्व ठाकुर श्री शालिग्राम जी का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद राजभोग आरती के दर्शन होंगे। ठाकुर जी को नवीन केसरिया लप्पा जामा पोशाक एवं विशेष अलंकार श्रृंगार धारण कराया जाएंगे।

**अभिनेता राज जांगिड़ के घर गणपति स्थापना**

## गणेशोत्सव में 'विनायक' ने उतारी गजानन की आरती



**बेधड़क** | जयपुर

मुम्बई से लेकर जयपुर तक बड़े ही धूमधाम से गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में राजस्थान के फिल्म अभिनेता राज जांगिड़ के पदम आवास पर गणपति प्रतिमा की स्थापना की गई है। ग्यारह दिवसीय गणेशोत्सव में शनिवार को सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा शामिल हुए। अभिनेता राज जांगिड़ ने माला पहनाकर और साफा बंधाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर फिल्म एक्टर दीपेंद्र सिंह, जीएसटी कमिश्नर दिल्ली दिनेश सारण के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**अब ठीक से बैठ पाएगा अर्जुन**

## जेके लोन में 26 माह के बच्चे को लगाया 8.5 करोड़ का इंजेक्शन



**बेधड़क** | जयपुर

क्राउड फंडिंग से जुटाए गए फंड से जेके लोन हॉस्पिटल में शनिवार को 26 महीने के अर्जुन जांगिड़ को 8.5 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगाया गया। स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (SMA) टाइप-1 से पीड़ित अर्जुन की ये बीमारी पिछले साल दिसंबर में डिटेक्ट हुई थी। अर्जुन के पिता ने बताया कि इतना महंगा इलाज करवाना हमारे परिवार के लिए संभव नहीं था। हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने क्राउड फंडिंग के लिए गाइड किया। अर्जुन का इलाज कर रहे रेयर डिजीज सेंटर के इंचार्ज डॉक्टर प्रियांशु माथुर ने बताया कि अर्जुन की इस बीमारी के कारण वह ठीक से बैठ भी नहीं पा रहा था। ये बीमारी दुर्लभ है, जिसके कारण इसका इलाज भी बहुत महंगा पड़ता है। अर्जुन की मां पूनम जांगिड़ शिक्षा विभाग में लैब असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। ऐसे में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, सचिव कृष्ण कुणाल समेत विभाग के तमाम अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके परिजनों ने आर्थिक सहयोग देकर मदद की।

**प्रमुख शासन सचिव ने किया एसएमएस अस्पताल का औचक निरीक्षण**

# मरीजों को मिले बेहतर उपचार, अस्पताल में पेशेंट फ्रेंडली रहे माहौल

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने शनिवार को सवाई मानसिंह अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल है, यहां रोगियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हरसंभव प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। राज्य सरकार के स्तर से जिन समस्याओं का निराकरण होना है, उन्हें तत्काल संज्ञान में लाएं। मरीजों को किसी तरह की तकलीफ नहीं हो। साथ ही अस्पताल में पेशेंट फ्रेंडली माहौल बनाने के निर्देश दिए। राठौड़ प्रातः करीब 11.45 बजे सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंची। उन्होंने वहां सबसे पहले सामान्य वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों से उपचार एवं अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। साथ ही, ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से रोगियों की संख्या, दवा उपलब्धता, उपचार प्रक्रिया सहित अन्य जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि रोगियों को उपचार उपलब्ध करवाने में किसी तरह का विलम्ब नहीं हो। साथ ही, अस्पताल में पेशेंट फ्रेंडली माहौल रहे।



### आपातकालीन इकाई का होगा विस्तार

राठौड़ ने कहा कि आपातकालीन इकाई का विस्तार किया जाए। उन्होंने इसके लिए आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी कर काम शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली और इसे सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में स्थापित अभय कमाण्ड सेंटर का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में संवेदशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे आवश्यक रूप से लगाए जाएं। साथ ही, सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाई जाए।

### भीड़ प्रबंधन के लिए अपनाएं नवाचार

प्रमुख शासन सचिव ने इसके बाद ओपीडी का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां निरीक्षण के दौरान भीड़ को प्रबंधित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचारों का उपयोग करते हुए रोगियों को कतारों में खड़े रहने से मुक्ति दिलाएं। इसके लिए इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम 2.0 के माड्यूल्स जल्द से जल्द लागू करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ओपीडी में रोगियों के बैठने एवं पीने के पानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर की जाएं। नि:शुल्क दवा वितरण केंद्रों पर आवश्यक दवा सूची से संबंधित सभी दवाएं उपलब्ध हों।

### निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश

प्रमुख शासन सचिव ने अस्पताल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए इन कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर बल दिया। श्रीमती राठौड़ ने निर्माणाधीन नवीन कार्डियोलॉजी विंग का कार्य जल्द पूरा कर इसे दिसंबर माह तक क्रियाशील करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिए अल्पकालीन और दीर्घकालीन प्लान बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. राकेश जैन, उप अधीक्षक डॉ. गिरधर गोयल, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. जगदीश मोदी, अतिरिक्त निदेशक एकेडमिक, चिकित्सा शिक्षा डॉ. रश्मि गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### अचानक गिरा टोलकर्मी, साइलेंट अटैक से मौत



**भीलवाड़ा।** मांडलगढ़ टोल प्लाजा पर शनिवार अलसुबह बैठे-बैठे टोलकर्मी अचानक से गिर गया और उसकी मौत हो गई। टोलकर्मी की मौत साइलेंट हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई जा रही है। मामला इसका सीसीटीवी सामने आया है। जिसमें टोलकर्मी गिरते हुए नजर आ रहा है। हेड कॉन्स्टेबल रघुवीर ने बताया कि घटना में काछोला निवासी लालाराम (57) की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर आने पर मौत के कारण का पता लगेगा।

### बच्चे को निर्वस्त्र कर मारपीट के 6 आरोपी गिरफ्तार

**कोटा।** कोटा शहर के आर के पुरम थाना क्षेत्र में मेले में प्रोग्राम देखने गए एक 12 साल के बच्चे पर चोरी का इल्जाम लगाकर निर्वस्त्र कर मारपीट करने तथा नचवा कर वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने घटना में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन पर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि मामले में पुलिस ने आरोपी क्षितिज उर्फ बिट्टू गुर्जर निवासी शिवपुरा, ययाति उपाध्याय उर्फ गुनगुन व आशीष उपाध्याय उर्फ मिक्की निवासी शास्त्री नगर, गौरव सैनी निवासी हनुमान बस्ती, संदीप सिंह उर्फ राहुल बन्ना निवासी उम्मेदगंज एवं सुमित निवासी थाना चित्राहाट जिला आगरा को गिरफ्तार किया गया है।

### निवर्तमान कलेक्टर कमर चौधरी को दी विदाई



**सीकर।** निर्वतमान जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी को शुक्रवार को उनके आवास पर निजी सहायक धर्मराज हाथीवाल सहित कार्मिकों ने साफा बांधकर, गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी। जिला कलेक्टर आवास पर आयोजित समारोह में कार्मिकों ने निवर्तमान जिला कलेक्टर कमर चौधरी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उज्वल भविष्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। विदाई समारोह में निवर्तमान जिला कलेक्टर कमर चौधरी की पत्नी आईआरएस फराह हुसैन, नरेश कुमार, कर्णपाल, करणी सिंह, विनोद गोदारा, श्रवण, रियाजुदीन सहित जिला कलेक्टर आवास के कार्मिक उपस्थित रहे।

## जलझूलनी एकादशी पर सांवलिया जी में देशभर से आए श्रद्धालु

# चांदी के रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले सांवलिया सेठ

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

मेवाड़ के प्रख्यात कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में जलझूलनी एकादशी पर देखने वाला नजारा रहा। इस अवसर पर सांवरा सेठ के जयकारों के बीच गुलाल उड़ी और भादो में श्रद्धालुओं ने आराध्य के साथ जमकर फाग खेला। इस दौरान भगवान की रथयात्रा भी निकाली गई। जिसमें देश-विदेश से आए श्रद्धालु शामिल हुए। राजभोग आरती के बाद मंदिर पुजारियों ने भगवान के बाल स्वरूप को शीश पूजा अर्चना के बाद सिंहासन में विराजित किया। मंदिर के पुजारी परिवार ने श्री सांवलिया के बाल



विग्रह वाले सिंहासन को निज मंदिर से लाकर चांदी के रथ पर स्थापित कर रथयात्रा निकाली। इस दौरान श्रद्धालु हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगा रहे थे। भगवान को रजत रथ में स्थापित करने के बाद श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारे लगाए। इस बीच अध्यक्ष भैंरूलाल गुर्जर, सीईओ व एडीएम राकेश कुमार समेत असंख्य लोगों ने भगवान सांवलियाजी के विग्रह पर पुष्प वर्षा, गुलाल उड़ाकर और नमन कर अगवानी की। रथयात्रा मंदिर परिसर से बाहर निकली, जिसमें सबसे आगे ध्वज लिए सेवक, दो हाथियों पर सवार पुजारी परिवार के सदस्य, 2 ऊंटों पर नक्कारखाना चला। साथ ही 6 बैंड, 2 दर्जन से अधिक मालवी ढोल, ध्वज निशान, रजत छड़ी के साथ बड़ी संख्या में भक्त भी शामिल हुए।

### मंदिर पहुंची शोभायात्रा

यह शोभायात्रा में राधाकृष्ण मंदिर, कुरेठा नाका मंदिर, नीमचौक मंदिर, कुम्हारों का मोहल्ला मंदिर के बैवाण भी शामिल होते गए। रथयात्रा शिव मंदिर चौक से, राधाकृष्ण मंदिर, गढी का देवरा और मस्जिद के पास होते हुए कबूतर खाना पहुंची। रथ यात्रा के सांवलिया स्नान घाट पहुंचने पर मुख्य पुजारी सांवलिया को और अन्य मंदिरों के पुजारियों द्वारा अपने मंदिर के विग्रहों को जल में झुलाकर स्नान कराया जाएगा। रथ यात्रा वापस कबूतर खाना ब्रह्मपुरी, जैन मोहल्ला, सदर बाजार होते हुए लगभग रात 8 बजे मुख्य मंदिर पहुंचेगी, जहां पर ठाकुर जी का रंगीन और आकर्षक आतिशबाजी से स्वागत किया।

### हेलिकॉप्टर रहा आकर्षण का केन्द्र

सांवलियाजी मेले में शनिवार को भगवान की रथयात्रा पर मंदिर पदाधिकारियों ने हेलीकॉप्टर से कई चक्कर काटते हुए गुलाब की पंखुड़िया बरसाई। जिसका लोगों में आकर्षण रहा। यहां देश के अलग अलग राज्यों से आए भक्त भी मंत्रमुग्ध हो गए। इसके अलावा भक्त जनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां मनाई। पूरा मंदिर परिसर ही नहीं पूरा कस्बा गुलाल के रंगों से रंगा हुआ नजर आया। मानो यहां गोकुल की होली खेली जा रही हो। ठाकुर जी के दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब।

### रात में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

मेला ग्राउंड के मीरा रंगमंच में भजन संध्या कार्यक्रम हुए। जिसमें भगवत सुथार में दल द्वारा प्रस्तुति दी गई। वहीं, गोवर्धन रंगमंच में पूजा नथनी में दल द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा। इसके अलावा मंडफिया बाईपास स्टेज पर प्रख्यात भजन गायक राज पारिक, छोटू सिंह रावणा और सवाई भाट भी ने भजनों की प्रस्तुति दी।

## सुबह से ही चल रहा था दंपती में विवाद, दोपहर को हुआ हादसा

# झगड़े में टांके में कूदी पत्नी बचाने में पति की भी मौत

**बेधड़क** | बाड़मेर

बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना थाना इलाके के लूखू गांव में शनिवार दोपहर आपसी कहासुनी के बाद दंपती ने पानी के टैंक (टांके) में कूदकर आत्महत्या कर ली। दोनों के दो साल की एक बेटी है जिसे लेकर दादी पड़ौस में गई थी। इस दौरान दोनों का झगड़ा हुआ था। पहले पत्नी टैंक में कूदी, बाद में पति भी उसी टैंक में कूद गया। धोरीमन्ना थाना इंचार्ज माणकराम विश्नोई ने बताया कि लूखू गांव निवासी दंपती के टांके में कूदने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर परिजन की मौजूदगी में शवों को निकलवाया और धोरीमन्ना हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। मामले की जांच की जा रही है।





### पानी ज्यादा होने के कारण दोनों डूबे

जानकारी के अनुसार बाघाराम पुत्र गंगाराम और उसकी पत्नी अणसी देवी में दोपहर को झगड़ा हो रहा था। इस दौरान बाघाराम की मां अपनी 2 साल की पोती को लेकर पड़ोस में छाछ लेने चली गई। घर पर बाघाराम और अणसी ही थे। आवेश में आकर अणसी घर से निकली और पड़ोसी के खेत में बने टांके में छलांग लगा दी। उसके पीछे आए पति बाघाराम पत्नी को बचाने के लिए टांके में कूद गया। पानी ज्यादा होने के कारण दोनों की डूबने से मौत हो गई।

### सुबह ही गुजरात से घर आया था पति

घटना के दौरान शोर शराबा सुन पड़ोसी आए, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। बाघाराम गुजरात में मजदूरी करता है। वह शनिवार सुबह ही गुजरात से घर लौटा था। सुबह से ही दंपती में वाद-विवाद चल रहा था। दोनों की शादी 3 साल पहले हुई थी। परिवार में मां, बेटा, बहू, पोती चार सदस्य थे। बाघाराम के पिता ने 15 साल पहले आत्महत्या की थी। अणसी का पीहर सोडियार गांव में है।

## 20 खातों में किए पैसे ट्रांसफर

# एसबीआई ब्रांच में 99 लाख के गबन के आरोप में दंपती को पुलिस ने पकड़ा




**बेधड़क** | अलवर


शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत महल चौक में स्थित एसबीआई शाखा से 99 लाख रुपए के गबन का मामला सामने आया है। बैंक मैनेजर ने मामले की जानकारी कोतवाली थाना पुलिस को दी। इस पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस टीम ने आरोपी पति-पत्नी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों से पूछताछ जारी है। कोतवाली थाने की सब इंस्पेक्टर कांता ने बताया कि 6 सितंबर, 2022 को एसबीआई बैंक के मैनेजर अंजुमन ने थाने पर मामला दर्ज करवाया कि उनके बैंक में पार्किंग खाता इंचार्ज कार्मिक निक्की सेठी ने बैंक के 99 लाख रुपए के फर्जी वाउचर बनाकर 20 अनाधिकृत खातों में पैसे ट्रांसफर किए हैं। बैंक कर्मचारी निक्की सेठी व उनके पति योगेश कुमार ने मिलकर यह गबन किया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी शहर के स्कीम नंबर 10 हाउसिंग बोर्ड के रहने वाले हैं। दोनों को कई धाराओं में अपराध प्रमाणित होने पर गिरफ्तार किया गया है।

सब इंस्पेक्टर कांता ने बताया कि 20 अनाधिकृत खातों में ट्रांसफर हुई राशि का रिकॉर्ड बैंक से लिया गया है। सभी खाताधारकों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह मामला पुराना है। दोनों गबन के बाद से ही कई जगहों पर छिप रहे थे। जिन्हें गत 13 सितंबर को सूर्य नगर में किराए के मकान से दस्तयाब किया गया। सब इंस्पेक्टर कांता ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामले में जांच कार्रवाई के लिए पूछताछ की जा रही है।

## करंट की चपेट आकर मां-बेटी की मौत, पिता भी झुलसा

**जैसलमेर।** जिले के भैरवा गांव में दर्दनाक हादसा हो गया। घटना में मां और बेटी की मौत हो गई। वहीं, पिता भी गम्भीर रूप से झुलस गया। दरअसल, जैसलमेर जिले के भैरवा गांव के पास स्थित एक खेत में मुकेश का परिवार काम करता था। रोजाना की तरह खेत का काम निपटा कर परिवार के सभी सदस्य खुले आसमान के नीचे लोहे की चारपाई बिछा कर सो रहे थे। इस दौरान शुक्रवार रात करीब 10 बजे ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया।

लोहे की चारपाई होने से उसमे करंट फैल गया और मुकेश की पत्नी 27 वर्षीय शोभा व 5 वर्षीय बेटी गुड़िया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मुकेश स्वंय भी करंट लगने से झुलस गया। जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तीनों को जिला मुख्यालय स्थित जवाहिर चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टर्स ने मां और बेटी को मृत घोषित कर दिया। साथ ही मुकेश को अस्पताल में भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया गया।



### आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से जैसलमेर में रोजगार के लिए आए थे

फिलहाल, मुकेश का जवाहिर अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं, मामले की जानकारी मिलने के बाद सदर पुलिस थाना की टीम भी पहुंची और जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा पीपाड़ में मुकेश के परिवार को भी इस हादसे की जानकारी दी गई, जिसके बाद परिवारजन भी जैसलमेर पहुंचे। वहीं, शवों को राजकीय जवाहिर चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाए गए। मुकेश भैरवा गांव में एक खेत में काश्तकार है, जिसमें उसकी पत्नी भी उसका साथ देती थी। मुकेश की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। इसी कारण वह अपने गांव को छोड़कर जैसलमेर खेती का काम करने आया था। पिछले कुछ सालों से वह यहां रहता था। इस हादसे ने मुकेश से उसकी पत्नी व बेटी को छीन लिया है।

## कुएं में गिरी दो मासूम बचा रही मां की भी मौत



**करौली।** जिले के लांगरा थाना क्षेत्र के पाटीनकापुरा गांव में नहलाते समय पैर फिसलने से दो मासूम बच्चियां कुएं में गिर गई। उनको बचाने के लिए मां ने भी कुएं में छलांग लगा दी। डूबने से तीनों की मौत हो गई। महिला की शादी को पांच साल हो गए थे। लांगरा थानाधिकारी वासुदेव बसवाल ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे थाना क्षेत्र के पाटीनकापुरा गांव में मां और उसकी दो बेटियों की कुएं में गिरने से मौत होने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो लोगों की भीड़ लगी हुई थी। ग्रामीणों की सहायता से करीब 9 बजे तीनों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। शवों को करौली जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाए गए। थानाधिकारी ने बताया कि मृतका के भाई रामकेश मीणा ने शिकायत दी है। रिपोर्ट में बताया कि मीना (24) पत्नी अतर सिंह मीणा अपनी पुत्री नेहा (4) और कीर्ति (2) के साथ सुबह करीब 7 बजे कुएं पर गई थी। जहां दोनों बेटियों को कुएं के पास नहला रही थी। इस दौरान अचानक फिसल कर दोनों बेटियां कुएं में जा गिरी। उनको बचाने के लिए वह भी कुएं में कूद गई। गहरे पानी में डूबने से मां और दो बेटियों सहित तीनों की मौत हो गई। महिला की शादी को पांच साल हो गए थे।

## तेजाजी मेले में युवक ने ट्रैक्टर से किया स्टंट, मची भगदड़

**चाकसू।** शिवदासपुरा थाने के तितरिया गांव में शुक्रवार देर रात्रि को वीर तेजाजी के मेले में भरी भीड़ में एक युवक के फिल्मी स्टाइल में स्टंटबाजी करने से श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। लोग जान-बचाने के लिये इधर -उधर दौड़े। लेकिन गनीमत यह रही कि मौके पर किसी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।

वहीं युवक की इस तरह की हरकत की ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक आरोपी युवक मौके से फरार हो गया है। घटना स्थल पर सूचना के बाद देर से पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीणों ने नाराजगी प्रकट की। हो गए। इस पर कुछ लोगों द्वारा पत्थर फेंकने से पुलिस की जीप के शीशे के टूटने की बात सामने आयी है। हालांकि थाना प्रभारी ऐसी घटना से इंकार कर रहे। मामले में शिवदासपुरा थाना प्रभारी रणजीत सिंह का कहना है कि शिवदासपुरा के तितरिया गांव में लोकदेवता तेजाजी मेले में गांव निवासी सुरेश कुमार नाम के युवक ने नशे में फिल्मी स्टाइल में स्टंटबाजी कर ट्रैक्टर दौड़ाया। इससे मेले में भगदड़ सी मच गई। सूचना पर शिवदासपुरा थाना पुलिस का जाब्ता सूचना पर मौके पर पहुंचा। पुलिस जाब्ते के आने से पहले आरोपी सुरेश कुमार मेले से ट्रेक्टर लेकर भाग निकला। पुलिस आरोपी की तलाश में उसके छिपने के ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## दर्जनों गांव आए पानी की चपेट में

# सवाईमाधोपुर: 18 बांध भरे, गांव हुए जलमग्न... जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बेधड़क** | सवाईमाधोपुर

जिले में पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश के बाद भले ही अब बारिश का दौर थम गया हो, लेकिन नदी-नाले अभी भी उफान पर हैं। जिले के करीबन सभी बांध छलक रहे हैं। बांधों से ओवरफ्लो होकर लगातार आ रहे पानी का दंश दर्जनो गांवों के सैकड़ों ग्रामीण झेलने को मजबूर हैं। अभी भी जिले के दर्जनों गांव पानी से घिरे हुए हैं। जिले की बनास, गलवा, मोरेल, गंभीरा एवं निगोह नदी अभी भी उफान पर है। बारिश के बाद जिले के सभी 18 बांध पूरी तरह भर गए हैं। बांधों पर अब भी चादर चल रही है। जिससे बांधों के निचले इलाके में बसे दर्जनों गांव पूरी तरह से पानी से घिरे हुए हैं और बाढ़ की चपेट में हैं। सबसे ज्यादा सूरवाल बांध की डाउनस्ट्रीम में रहने वाले गांवों के लोग परेशान हैं। जिले के एक दर्जन से अधिक गांव के चारों ओर पानी भर गया है। गांव के भीतर भी जबरदस्त पानी घुसा हुआ है और कई मकानों के अंदर पानी भरा हुआ है। कई गांव से निकलने के रास्ते पूरी तरह से बंद हो गए हैं। मच्छीपुरा की ढाणी, सूरवाल, अजीनोटी, दुब्बी धनौली, पुसोदा आदि गांव में स्थितियां इतनी खराब है कि घर से ग्रामीण निकल तक नहीं सकते।

### कब्रिस्तान में भरा पानी, दफनाने में परेशानी

वहीं सूरवाल बांध में अत्यधिक पानी की आवक बढ़ने से बांध के बराबर क्षेत्र के गांव में जलभराव की विकराल स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों की खाद्य सामग्री, पशुओं का चारा पानी में भीग गया है। घरों में पानी भरा होने के कारण कई लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगह पर दूसरे घरों में आश्रय लेने को मजबूर हो गए हैं। वहीं भगवतगढ़ मार्ग पर बनी पुलिया में पानी की निकासी के लिए छोटे पाइप लगाए गए हैं। लेकिन वो पाइप पानी का वेग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे। गांव में पानी भरने से कब्रिस्तान में भी पानी भर गया, जिससे मौत होने पर शव को दफनाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### अच्छी बरसात से खुशी, लेकिन परेशानी भी

प्रभारी सचिव ने कहा कि यह खुशखबरी भी है कि राजस्थान में अच्छी बरसात हुई है, लेकिन भारी बारिश के बाद लोगों के घरों में पानी भरा है जिसके चलते उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। अतिवृष्टि को लेकर जिला कलेक्टर ने कहा कि इस बार सवाई माधोपुर सहित पूरे राज्यभर में औसत से ज्यादा बारिश हुई है। पिछले 50 से 60 सालो में जिले के सभी बांध भरे हुए हैं। जिला कलेक्टर ने कहा कि बारिश के चलते नाले के पास निचले इलाके और सूरवाल बांध के निचले इलाकों में जो पानी घरों में भरा है, उससे लोगों को काफी परेशानी हुई है।

### फसलें हुई नष्ट, बेजुबान जानवर चारे के लिए तरसे

ग्रामीणों द्वारा पानी की निकासी मार्गों पर अतिक्रमण कर नालियों को बंद कर रखा हुआ है। ऐसे में भारी बरसात के बाद बांध के ओवरफ्लो होने से गांव में घुसा पानी निकल नहीं पा रहा है। वहीं खेतों में पानी भरने से फसलें नष्ट हो गई हैं। ऐसे विकट हालात में जिला प्रशासन मूकदर्शक की स्थिति में है। बांधों के निचले इलाकों में बसे दर्जनों गांव के लोगों को अभी 8 से 10 दिनों तक पानी और बाढ़ से निजात नहीं मिलने वाली है। ग्रामीण मोहम्मद इमरान का कहना है कि बारिश से करीबन 40 गांव की फैसलें नष्ट हो चुकी हैं। बेजुबान जानवर भी भूखे-प्यासे तड़प रहे हैं। वहीं घरों में रखी खाद्य सामग्री भी पानी से खराब हो चुकी है। वही जिला प्रभारी सचिव संदीप वर्मा ने कहा की उनके निरीक्षण के दौरान लोगों ने नालों के किनारे सेफ्टी दीवार सहित कई मांगें की हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार तक वापस आएंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री प्रभारी साथियों के साथ अतिवृष्टि को लेकर एक मीटिंग आयोजित करेंगे।

### सीबीएसई अधिकारियों के दौरे में उपनियमों के उल्लंघन की बात आई सामने

# बोर्ड ने दिल्ली व राजस्थान के 27 स्कूलों को थमाया नोटिस

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई ने संबद्धता उपनियमों और मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए राजस्थान और दिल्ली के 27 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सीबीएसई ने बोर्ड के नियमों के अनुपालन की जांच के लिए इन स्कूलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान, सीबीएसई ने बोर्ड के उपनियमों के कई उल्लंघन पाए, खासकर नामांकन और उपस्थिति प्रथाओं के संबंध में। मामले में स्कूलों को अपनी कार्यप्रणाली के बारे में स्पष्टीकरण देना होगा। निरीक्षण से पता चला कि स्कूलों ने कक्षा 11 और 12 में ऐसे छात्रों की संख्या ज्यादा दर्ज थी जो फिजिकली क्लासेज में उपस्थित नहीं थे। इसके अलावा, स्कूलों द्वारा बनाए गए उपस्थिति रिकॉर्ड में विसंगतियां पाई गईं, जिससे सीबीएसई नियमों के अनुपालन पर संदेह पैदा हुआ। इसके अलावा, कुछ संस्थान बोर्ड द्वारा निर्धारित बुनियादी ढांचे के मानदंडों का उल्लंघन करते पाए गए।

### अनियमितता पर देना होगा स्कूलों को स्पष्टीकरण

सीबीएसई की ओर से जारी आधिकारिक नोटिस में कहा गया है, 'इन निष्कर्षों के जवाब में, सीबीएसई ने 27 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है - इनमें से 22 दिल्ली के दो क्षेत्रों से और 5 अजमेर क्षेत्र से हैं। इन नोटिसों में स्कूलों को अपने नामांकन प्रथाओं, बुनियादी ढांचे के मानकों और बोर्ड के अन्य मानदंडों के पालन के बारे में स्पष्टीकरण देने की आवश्यकता है।'

### अजमेर रीजन के स्कूलों को भेजा नोटिस

- विद्या भारती पब्लिक स्कूल, सीकर
- प्रिंस उच्च माध्यमिक विद्यालय, सीकर
- शिव ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोटा
- एलबीएस कॉन्वेंट स्कूल, कोटा
- लॉर्ड बुद्ध पब्लिक स्कूल, कोटा




### कक्षा 9वीं और 11वीं के रजिस्ट्रेशन 18 सितंबर से होंगे शुरू

सीबीएसई कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। सीबीएसई द्वारा जारी किए गए लेटेस्ट नोटिस के अनुसार, रजिस्ट्रेशन विंडों 18 सितंबर को ओपन होगी और 16 अक्टूबर तक स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन के लिए खुली रहेगी। सीबीएसई बोर्ड के कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के स्टूडेंट्स ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर परीक्षा संगम लिंक के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। नोटिफिकेशन में यह भी कहा गया है कि दी गई समय सीमा का पालन करते हहुए रजिस्ट्रेशन डेटा जमा करना महत्वपूर्ण है। इसलिए, स्कूलों को सलाह दी जाती है कि वे उम्मीदवारों के डेटा को समय पर जमा करने की योजना बनाएं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि केवल वही छात्र जो कक्षा 10 और 12 सीबीएसई बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 के लिए अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं, जिन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

### रजिस्ट्रेशन की महत्वपूर्ण तारीखें

- रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू- 18 सितंबर
- रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आखिरी तारीख- 16 अक्टूबर
- रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया लेट फीस के साथ- 18 अक्टूबर
- रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया खत्म लेट फीस के साथ- 24 अक्टूबर

## Yuva स्टोरीज

### आधुनिक जीवन शैली से ओजोन परत का हो संरक्षण



बेधड़क । जयपुर

रामबाग स्थित एसएस जैन सुबोध पी. जी. महिला महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के माध्यम से मनाया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेणु जोशी ने विजेता छात्राओं को पुरुस्कार वितरण। साथ ही उत्साहवर्द्धन कर ऐसी प्रतियोगिताओं को व्यक्तित्व निर्माण एवं कौशल विकास के लिए अति महत्वपूर्ण बताया। महाविद्यालय के संयोजक वी सी डागा ने आधुनिक जीवन शैली से पर्यावरण की रक्षात्मक ओजोन परत के क्षय को घातक बताते हुए इसके संरक्षण की आवश्यकता बताई। अंत में कार्यक्रम की संयोजिका वर्षा शर्मा एवं डॉ सपना खंडेलवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ब्लॉक चेन और वेब 3.0 पर कार्यशाला का आयोजन



बेधड़क । जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान जगतपुरा के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग में शनिवार को IQAC और PAQIC के तत्वावधान में "ब्लॉकचेन और वेब 3.0" पर पांच दिवसीय छात्र कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन किया। कार्यशाला ब्लॉकचेन और वेब 3.0 प्रौद्योगिकी की प्रमुख अवधारणाओं पर केंद्रित रही। समापन समारोह में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के उप प्रमुख प्रोफेसर डॉ. पंकज दाधीच की टिप्पणी शामिल थी, उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

कार्यशाला समन्वयक सहायक प्रोफेसर सीएसई प्रियंका शर्मा और पवन कुमार पाटीदार व विक्रम खंडेलवाल ने सभी प्रतिभागियों को उनकी भागीदारी और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

### हॉस्टल छोड़ घर रवाना हुए छात्र

बेधड़क । चाकसू

चाकसू क्षेत्र की जगन्नाथ यूनिवर्सिटी में फूड पॉइजनिंग का प्रकरण थमने का ही नाम नहीं ले रहा है। गौरतलब है कि विश्विद्यालय के हॉस्टल रह रहे पीड़ित छात्रों ने फूड पॉइजनिंग बीमारी की आशंका के भय के मारे शनिवार की शाम को परिसर खाली कर दिया है और छात्र अपने घरों को रवाना हो गए है। यहां बता दें कि पिछले दिनों इस यूनिवर्सिटी में 100 से करीब छात्रों में फूड प्वॉजनिंग हो गई थी। जिसके बाद ब्लॉक सीएमएचओं डॉ. सौम्य पंडित की चिकित्सा टीमें भी हॉस्टल पहुंच गई थी। जिन्होंने पीड़ित छात्रों का उपचार भी किया। वहीं जयपुर से पहुंची फूड सेफ्टी ऑफिसर की टीम को यहां की रसोई में खाद्य सामग्री में कीड़े मिले थे। साथ ही खाने की वस्तुओं में चूहों व बिल्लियां घूमती हुई मिली थी। जब यह खबर छात्रों व उनके परिजनों तक पहुंची तो उनमें घबराहट फेल गई और भय के मारे अब बीमार छात्र विवि. का हॉस्टल छोड़कर जाने लगे है। हालांकि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने छात्रों व उनके परिजनों को समझाने की कोशिश भी की। लेकिन छात्रों ने एक भी उनकी नहीं सुनी।

### इंजीनियरिंग सेवा मुख्य परीक्षा के लिए इंटरव्यू शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली**। संघ लोक सेवा आयोग ने इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा, 2024 के व्यक्तित्व परीक्षण (साक्षात्कार) का कार्यक्रम जारी कर दिया है। योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट से साक्षात्कार कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं । यूपीएससी इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा के लिए साक्षात्कार 7 अक्तूबर से 6 नवंबर तक दो पालियों में यानी सुबह 9 बजे और दोपहर 1 बजे आयोजित की जाएगी। साक्षात्कार दौर के लिए कुल 617 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है, "व्यक्तित्व परीक्षण (साक्षात्कार) के ई-समन पत्र शीघ्र ही उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

### राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह आयोजित

# युवा गर्व से मातृभाषा का प्रयोग करें: दिया कुमारी

बेधड़क । जयपुर

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि हमें गर्व है कि हम हिन्दी भाषी हैं। हिंदी भाषा जन-जन की भाषा है जो भारत को एकता के सूत्र में बांधती है। हमें राष्ट्र पर गर्व है, तो हमें राष्ट्र की भाषा हिन्दी पर भी गर्व होना चाहिए। अंग्रेजी न जानने पर आत्म विश्वास में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दी सिर्फ एक भाषा या विषय नहीं बल्कि हमारी पहचान है, भावों की अभिव्यक्ति है, एक विस्तृत विचारधारा, सोच और हमारी संस्कृति है। जब भी हम देश के बाहर कहीं जाते हैं और वहां किसी भारतवासी से मिलना होता है और जब उनसे हिन्दी में बात करते हैं तो बड़ी ही आत्मीयता ओर अपनेपन का अनुभव होता है। उपमुख्यमंत्री शनिवार को सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय के मुख्य सभागार में भाषा एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हिन्दी हमारी अपनी भाषा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हिन्दी को बढ़ावा देने में विश्वास रखती है। हमारी सरकार हिन्दी को पढ़ाई का माध्यम बनाने पर जोर दे रही है। पिछली सरकार अंग्रेजी स्कूल पर जोर देती थी किन्तु हमारी सरकार की ओर से दृढ़ता के साथ हिन्दी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर भाषा विमर्श के विशेषांक 'प्रशासन में सर्जन' का विमोचन किया गया। शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग कृष्ण कुणाल ने कहा कि इस वर्ष 12वीं कक्षा में सर्वाधिक छात्रों ने हिंदी विषय का चुनाव किया है।



### दैनिक जीवन और सोशल मीडिया में हिंदी का हो इस्तेमाल

दिया कुमारी ने युवाओं व छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में हिन्दी का उपयोग करें और खासकर सोशल मीडिया पर भी हिन्दी को बढ़ावा दें। उन्होंने डॉ. के. के. पाठक के हिन्दी भाषा ज्ञान की तथा राजस्थान सरकार के बजट निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने हिन्दी सेवा पुरस्कार प्राप्त करने वाले लेखकों, बोर्ड परीक्षाओं में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी बधाई दी। समारोह में हिन्दी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले चयनित विद्यार्थियों (बोर्ड परीक्षा, 2024 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक) का संभागवार सम्मान किया गया। निदेशक भाषा एवं पुस्तकालय विभाग मनीष गोयल ने कार्यक्रम के अन्त में सभी का आभार जताया।

### हिंदी हमारी संस्कृति की धरोहर

विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिन्दी भाषा को किसी एक क्षेत्र की भाषा कहना सही नहीं हैं यह पूरे देश की भाषा है। हिंदी भाषा का उपयोग दैनिक जीवन में होना चाहिए। निज भाषा का ज्ञान ही उन्नति का आधार है। उन्होंने कहा कि लोग पाश्चात्य संस्कृति की ओर लालायित रहते हैं। किन्तु अब हमें हिन्दी भाषा की ओर अग्रसर होना होगा। हिन्दी केवल एक भाषा नहीं अपितु हमारी संस्कृति की धरोहर है। हिन्दी हमारे राष्ट्र का गौरव है। हमें हिंदी को व्यापक बनाना होगा। हिंदी भाषा के उपयोग के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को बताना चाहिए कि उन्हें हिन्दी का गर्व के साथ उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में हिंदी का उपयोग किया जाना चाहिए।

### हमें अपनी भाषाओं पर गर्व होना चाहिए

विशिष्ट अतिथि विधायक सिविल लाइन्स गोपाल शर्मा ने कहा कि हमें राष्ट्र को जीवन में अपनाना होगा, हिन्दी भाषा के साथ गौरव से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि हिंदी को राजभाषा बनाने के लिए बहुत संघर्ष किया गया। उन्होंने कहा कि 14 सितम्बर 1949 से हिन्दी अवतरित नहीं हुई थी बल्कि सदियों से है यह भारत की संस्कृति है। हिंदी भाषा अमर है। उन्होंने कहा कि डॉ. के. के. पाठक एक संत अधिकारी है।

### भाषा संस्कृति से संस्कार लेकर आती है

शासन सचिव, कार्मिक विभाग डॉ. के. के. पाठक ने समारोह के मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि भाषा एक प्रवाह है। भाषा सरिता है, सागर नहीं है। भाषा संवाद का माध्यम है जबकि सागर तो ज्ञान है। संस्कृत, पाली व प्राकृत और हिन्दी भाषा के विकास का अपना इतिहास है। दुनिया की आधी आबादी भारतीय प्रायद्वीप में रहा करती थी। भाषा संस्कृति से संस्कार लेकर आती है। डॉ. के. के. पाठक ने लघु वृतांतों के माध्यम से भाषा के प्रवाह और विकास को समझाया। उन्होंने एक भाषा से दूसरी भाषा के सम्बन्धों पर प्रकाश डाला।

### हिंदी लेखकों को किया सम्मानित

उपमुख्यमंत्री ने साहित्यकार एवं अतिरिक्त निदेशक जनसम्पर्क राजेश कुमार व्यास को उनकी प्रख्यात "कृति कलाओं की अन्तर्दृष्टि" और डॉ. अखिलेश पालरिया को उनकी पुस्तक" मेरी प्रिय कहानियां", साहित्यकार विजय जोशी को उनकी पुस्तक "अनुभूति के पथ पर:जीवन की बातें", डॉ. सतीश कुमार को उनकी पुस्तक "मैं विधायिका हूं", बजरंगलाल जेठू को "जनसंचार, पत्रकारिता एवं सिनेमा" डॉ. डी. डी. ओझा को पुस्तक "जलशोधन—प्राचीन से अर्वाचीन", डॉ. दिपक सिंह राजपुरोहित को पुस्तक "नाड़ी दीप विज्ञान" आदि को सम्मानित किया।

### SRN इन्टरनेशनल स्कूल में हिन्दी दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं



बेधड़क । जयपुर

एसआरएन इन्टरनेशनल स्कूल जगतपुरा में हिन्दी दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता के आयोजन के साथ हिन्दी नुक्कड नाटक, कविता वाचन, श्लोगन लेखन व निबन्ध लेखन प्रतियोगिताएं हुई। अंतरसदनीय इस वाद-विवाद प्रतियोगिता में शिक्षा रोजगार परक हो या ज्ञान के लिए आत्मनिर्भरता डिजिटलीकरण, राष्ट्र के उत्थान में हिन्दी भाषा कि भूमिका व सोशल मीडिया आदि विषयों के पक्ष तथा विपक्ष में विधार्थियों ने भाग लेकर सीमित समय में अपने विचारों को प्रकट किया। विद्यार्थियों ने हिन्दी दिवस पर नुक्कड़ नाटक व हास्य कविता प्रतियोगिता के माध्यम से पढ़ाई का तनाव, समाज में व्याप्त भष्टाचार, जातिवाद, पर्यावरण, आतकंवाद व देश की अखंडता में एकता का संदेश कविता के माध्यम से दिया। इसमें स्वच्छ भरत-सुन्दर भारत, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा मेरा भारत महान्, आदि कविताओं के माध्यम से कविता पाठ कर छात्रों ने बाल कवि बनने के सपने को साकार किया। इस प्रकार छात्रों ने अपनी बुद्धिमता का परिचय देते हुए विजेता सूची में अपना नाम दर्ज कराया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय डायरेक्टर उषा शर्मा ने छात्रों के संबोधन में अपने प्रेरणा दायक विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा है हमें इस भाषा को गर्व से पढ़ना चाहिए तथा विद्यालय में इस तरह कि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थी व्यावहारिक जीवन में सफलता प्राप्त करने कि कला प्राप्त करते हैं। साथ ही हिन्दी साहित्य तथा कवि व महाकवियों के बारे में जानने का मौका मिलता है विद्यार्थी खुलकर विषय वस्तु के बारे में कविता के माध्यम से अपने विचार प्रकट करते हैं। जिससे स्वतन्त्र रूप से विचार व्यक्त करने से आत्म विश्वास बढता है।

### RPSC भर्तियों में आवेदन जारी

**जयपुर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से विभिन्न भर्तियों के आवेदन शुरू हो गए तो वहीं कई भर्तियों के आवेदन की लास्ट डेट भी नजदीक आ गई है। आरपीएससी अभ्यर्थियों को समय पर आवेदन के लिए सूचित कर रही हैं। वहीं एईएन व एएसओ पदों के लिए आवेदन प्रोसेस जारी है। इन दोनों पदों के लिए आवेदन की लास्ट डेट रविवार को है। बता दें कि राजस्थान राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में सिविल और मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल में असिस्टेंट इंजीनियर के 1014 पद और आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में 43 असिस्टेंट स्टेटिस्टिकल ऑफिसर पदों के लिए वैकेंसी निकाली थी। यह भर्ती विज्ञापन 5 अगस्त को जारी किया गया था। सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के कुल 8 पद के लिए ऑनलाइन आवेदन 11 सितंबर से शुरू हो गए है। इसके लिए 10 अक्टूबर की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकते हैं। वहीं राजस्थान राज्य और अधीनस्थ सेवाएं (RAS) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 के लिए कुल 733 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 19 सितंबर से शुरू होंगे। इनमें राज्य सेवा के 346 और अधीनस्थ सेवा के 387 पद हैं। आवेदन की लास्ट डेट 18 अक्टूबर है।

### एमबीबीएस एडमिशन | 24 सितंबर तक चॉइस होगी फिलिंग

# NEET: स्टेट कोटे का दूसरे राउंड का शेड्यूल बदला

बेधड़क । कोटा

नीट यूजी के स्कोर के आधार पर प्रदेश की स्टेट 85 फीसदी कोटा काउंसलिंग जारी है। इसके राउंड दो के काउंसलिंग शेड्यूल में बदलाव किया गया है। राजस्थान स्टेट मेडिकल डेंटल काउंसलिंग बोर्ड में नया शेड्यूल शनिवार शाम को जारी कर दिया।

निजी कोचिंग संस्थान के करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा के अनुसार मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर और नेशनल मेडिकल कमीशन ने उत्तर प्रदेश, तेलंगाना व राजस्थान में नए मेडिकल कॉलेज को लेटर आफ परमीशन जारी हुई है। इसके बाद सेंट्रल काउंसलिंग के शेड्यूल में बदलाव किया था। साथ ही स्टेटस को भी शेड्यूल में बदलाव के लिए कहा गया था। इस कारण शेड्यूल में बदलाव किया गया है।

राजस्थान में बांसवाड़ा, सवाई माधोपुर, नागौर और बारां मेडिकल कॉलेज को नई एलोपी मिली है। इसके चलते दूसरे राउंड की काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 17 सितंबर तक बढ़ाई गई है। चॉइस फिलिंग 24 सितंबर शाम 5:00 होगी। साथ ही 27 सितंबर को दूसरे राउंड का सीट अलॉटमेंट का परिणाम जारी होगा।




### यह रहेगा राउंड 2 का काउंसलिंग का शेड्यूल

- 15 सितंबर को प्रोविजनल सीट मैट्रिक्स होगी जारी (राउंड 1 के बाद)
- 14 सितंबर से काउंसलिंग का रजिस्ट्रेशन
- 17 सितंबर शाम 4 बजे तक काउंसलिंग की फीस डिपॉजिट
- 17 सितंबर रात 11:55 तक एप्लीकेशन फॉर्म सबमिट
- 18 सितंबर को प्रोविजनल वेरिफिकेशन लिस्ट (दिव्यांग, डिफेंस, पैरामिलिट्री व एनआरआई)
- 19 सितंबर सुबह 9 बजे से ऑफलाइन डॉक्यूमेंट और एलिजिबिलिटी वेरिफिकेशन (दिव्यांग, डिफेंस, पैरामिलिट्री व एनआरआई)
- 20 सितंबर को प्रोविजनल मैरिट लिस्ट
- 23 सितंबर को प्रोविजनल सीट मैट्रिक्स जारी होगी
- 20 से 24 सितंबर अगस्त तक सिक्योरिटी डिपाजिट और चॉइस फिलिंग होगी
- 24 सितंबर शाम 5 बजे चॉइस फिलिंग ऑटो लॉक
- 25 सितंबर को प्रिंटिंग ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म
- 27 सितंबर को जारी होगा सीट इनफॉमेशन
- 27 सितंबर को दूसरे राउंड की सीट एलॉटमेंट इनफॉरमेशन ऑनलाइन जारी होगी
- 28 सितंबर 5 अक्टूबर शाम 5 बजे तक ऑनलाइन अलॉटमेंट लेटर को डाउनलोड कर सकेंगे
- 28 से 4 अक्टूबर शाम 5 बजे तक सीट अलॉटमेंट में सफल कैंडीडेट्स को 1 साल की ट्यूशन फीस जमा करनी होगी
- 28 से 5 अक्टूबर सुबह 9 से 5 तक रिपोर्टिंग व डॉक्यूमेंट सबमिशन
- 1 अक्टूबर से ही नया एकेडमिक सेशन जारी होगा।

## नौ सौ चौदह मीटर की ऊंचाई पर स्थित है दक्षिण का तीर्थस्थल

# बाल ब्रह्मचारी भगवान अयप्पा को सबरीमाला में प्राप्त हुई ज्ञानज्योति




पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


### शाश्वत सनातन

*भारत के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है विश्व प्रसिद्ध सबरीमाला का मंदिर। यह मंदिर भारत के केरल राज्य में स्थित है। यहां हर दिन लाखों लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। करीब 800 साल पुराने इस मंदिर में यह मान्यता पिछले काफी समय से चली आ रही थी कि महिलाओं को मंदिर में प्रवेश नही करने दिया जाए। इसका कारण यह था कि भगवान अयप्पा बाल ब्रह्मचारी हैं। इसलिए महिलाओं का प्रवेश वर्जित था।*



### शास्ता का अवतार भी माने जाते हैं भगवान अयप्पा

धार्मिक कथा के मुताबिक समुद्र मंथन के दौरान भोलेनाथ भगवान विष्णु के मोहिनी रूप पर मोहित हो गए थे और इसी के प्रभाव से एक बच्चे का जन्म हुआ, जिसे उन्होंने पंपा नदी के तट पर छोड़ दिया। इस दौरान राजा राजशेखरा ने उन्हें 12 साल तक पाला। बाद में अपनी माता के लिए शेरनी का दूध लाने जंगल गए, अयप्पा ने राक्षसी महिषि का भी वध किया। अय्यप्पा के बारे में किंवदंती है कि उनके माता-पिता ने उनकी गर्दन के चारों ओर एक घंटी बांधकर उन्हें छोड़ दिया था। पंडालम के राजा राजशेखर ने अय्यप्पा को पुत्र के रूप में पाला, लेकिन भगवान अय्यप्पा को ये सब अच्छा नहीं लगा और उन्हें वैराग्य प्राप्त हुआ तो वे महल छोड़कर चले गए। कुछ पुराणों में अयप्पा स्वामी को शास्ता का अवतार माना जाता है।




### 18 पावन सीढ़ियां पार कर पहुंचते हैं मंदिर

चारों तरफ से पहाड़ियों से घिरा हुआ यह मंदिर केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से 175 किलोमीटर दूर पहाड़ियों पर स्थित है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए 18 पावन सीढ़ियों को पार करना पड़ता है, जिनके अलग-अलग अर्थ भी बताए गए हैं। पहली पांच सीढ़ियों को मनुष्य की पांच इन्द्रियों से जोड़ा जाता है। इसके बाद वाली 8 सीढ़ियों को मानवीय भावनाओं से जोड़ा जाता है। अगली तीन सीढ़ियों को मानवीय गुण और आखिर दो सीढ़ियों को ज्ञान और अज्ञान का प्रतीक माना जाता है। इसके अलावा यहां आने वाले श्रद्धालु सिर पर पोटली रखकर पहुंचते हैं। वह पोटली नैवेद्य (भगवान को चढ़ाई जानी वाली चीजें, जिन्हें प्रसाद के तौर पर पुजारी घर ले जाने को देते हैं) से भरी होती है। यहां मान्यता है कि तुलसी या रुद्राक्ष की माला पहनकर, व्रत रखकर और सिर पर नैवेद्य रखकर जो भी व्यक्ति आता है उसकी सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### भगवान अयप्पा का ऐसे हुआ जन्म

पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान अयप्पा के पिता शिव और माता मोहिनी हैं। विष्णु का मोहिनी रूप देखकर भगवान शिव का वीर्यपात हो गया था। उनके वीर्य को पारद कहा गया और उनके वीर्य से ही बाद में सस्तव नामक पुत्र का जन्म हुआ, जिन्हें दक्षिण भारत में अयप्पा कहा गया। शिव और विष्णु से उत्पन होने के कारण उनको 'हरिहरपुत्र' कहा जाता है। इनके अलावा भगवान अयप्पा को अयप्पन, शास्ता, मणिकांता नाम से भी जाना जाता है। इनके दक्षिण भारत में कई मंदिर हैं, उन्हीं में से सबसे प्रमुख मंदिर है सबरीमाला। इसे दक्षिण का तीर्थस्थल भी कहा जाता है।

### सबरीमाला में हुई थी दिव्य ज्ञान की प्राप्ति

इस मंदिर के पास मकर संक्रांति की रात घने अंधेरे में रह-रहकर एक ज्योति दिखती है। इस ज्योति के दर्शन के लिए दुनियाभर से करोड़ों श्रद्धालु हर साल आते हैं। सबरीमाला का नाम शबरी माता के नाम पर पड़ा है। वही शबरी मैया, जिसने भगवान राम को जूठे बेर खिलाए थे और प्रभु राम ने उसे नवधा-भक्ति का उपदेश दिया था। बताया जाता है कि जब-जब ये रोशनी दिखती है इसके साथ शोर भी सुनाई देता है। भक्त मानते हैं कि ये देव ज्योति है और भगवान इसे जलाते हैं। मंदिर प्रबंधन के अनुसार मकर माह के पहले दिन आकाश में दिखने वाले एक खास तारा मकर ज्योति है। कहते हैं कि अयप्पा ने शैव और वैष्णवों के बीच एकता कायम की। उन्होंने अपने लक्ष्य को पूरा किया था और सबरीमाला में उन्हें दिव्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

### खास मौसम में ही आते हैं श्रद्धालु

यह मंदिर पश्चिमी घाटी में पहाड़ियों की श्रृंखला सह्याद्रि के बीच में स्थित है। घने जंगलों, ऊंची पहाड़ियों और तरह-तरह के जानवरों को पार करके यहां पहुंचना होता है। इसीलिए यहां अधिक दिनों तक कोई ठहरता नहीं है। यहां आने का एक खास मौसम और समय होता है, जो लोग यहां तीर्थयात्रा के उद्देश्य से आते हैं उन्हें इकतालीस दिनों का कठिन वृहताम का पालन करना होता है। तीर्थयात्रा में श्रद्धालुओं को ऑक्सीजन से लेकर प्रसाद के प्रीपेड कूपन तक उपलब्ध कराए जाते हैं। दरअसल, मंदिर नौ सौ चौदह मीटर की ऊंचाई पर है और केवल पैदल ही वहां पहुंचा जा सकता है।



---

**कॅरिअर परामर्श**

# आखिर... बदलना तो खुद को ही पड़ता है




अर्चना त्यागी


एक जीवन मंत्र है जो विद्यालय में सिखाया जाना चाहिए, परंतु ऐसा हो नहीं रहा है। यही कारण है कि छात्रों में हताशा बढ़ रही है। दिन भर बेमन के कार्य में व्यस्त रहने के पश्चात अगर कोई उनसे धैर्य की अपेक्षा करता है तो वो बिफर पड़ते हैं। यह लेख उन्हीं के लिए है।

हमारे आस पास कुछ न कुछ ऐसा घटता ही रहता है जो हमें पसंद नहीं आता है। ऐसे लोगों से मुलाकात होती ही रहती है जिनकी हरकतें हमें विचलित कर देती हैं। ऐसे लोगों की वाणी, विचार और कर्म केवल दुख ही देते हैं। तब अनायास ही मन में यह विचार आता है कि कितना अच्छा होता अगर हम इन्हें बदल पाते। कोई ऐसा तरीका होता जिससे उन्हें समझा पाते कि उनसे क्या अपेक्षित है? कई लोग कोशिश भी करते हैं, दूसरों में बदलाव लाने की। कभी-कभी अपने प्रयास में सफल भी हो जाते हैं, परंतु अधिकतर केसों में कोशिश करने पर भी नाकामी ही हाथ लगती है। जो जैसा है वैसा ही रहता है और बदलाव की कोशिशें बेकार चली जाती हैं। एक नया दुख हम पाल लेते हैं कि इतनी कोशिश करने पर भी हम बदलाव नहीं ला पाए। या तो हमारे अंदर काबिलियत नहीं है किसी को बदलने की, या हमारे प्रयासों में ही कमी थी? अच्छा होता हम किसी को बदलने के बारे में सोचते ही नहीं। किसी भी इंसान को बदलने के बारे में सोचने से पहले हमें एक सत्य जान लेना चाहिए। यदि यह सत्य पहचान लिया जाए तो दुख नहीं उठाना पड़ेगा। पछतावा नहीं करना पड़ेगा। वो अटल सत्य यही है कि हम केवल खुद को बदल सकते हैं। मजेदार बात यह है कि खुद को हम कभी बदलना नहीं चाहते हैं। न कभी ऐसा सोचते हैं न ही करते हैं। इस वैश्विक सत्य को स्वीकार ही नहीं करते हैं कि दूसरे लोग भी हमारी तरह ही हैं वो भी खुद को नहीं, दूसरों को ही बदलना चाहते हैं। फिर बदलाव आएगा कैसे?

हमारी सामर्थ्य केवल खुद को बदलने की है। इस सत्य को जिस दिन स्वीकार कर लेंगे उसी दिन से हमारे प्रयास सही दिशा में होंगे। इसलिए आज से ही खुद को बदलने के लिए कोशिश शुरू करें। हम जैसे व्यवहार की दूसरों से अपेक्षा रखते हैं वैसा खुद करना शुरू कर दें। यकीन मानिए अपने आस पास वह बदलाव आपको महसूस होने लगेगा। आपने जैसा सोचा था वो आपको नजर आने लगेगा। एक पुरानी कहावत है कि खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है। यह प्रयोग यदि संसार का हर इंसान दोहराएगा तो संसार अवश्य ही बदल जाएगा। हर तरफ अच्छाई होगी और बुराई को खत्म करने की हमारी सामर्थ्य होगी।

इस लेख को लिखने का उद्देश्य यही है कि हम खुद को जानें। भली भांति पहचानें। केवल हमारे अंतर्मन का संकल्प ही बदलाव ला सकता है। दूसरों की कमियों की गिनती करके, उनकी खुद से तुलना करके या उन्हें बदलने की कोशिश करके हताशा के सिवा कुछ हाथ नहीं लगेगा। मन का चैन और सुकून नहीं मिलेगा। इसलिए अगर बदलना है तो खुद को बदल डालो।



---

**कविता**

# जीवन की डोर

*पति-पत्नी का साथ, जैसे एक*
*नाव का किनारा,*
*दो दिलों का मेल, प्रेम से भरा*
*प्यारा सहारा।*
*धूप हो या छांव, ये रिश्ता*
*सदा मुस्काता,*
*हर कठिनाई में एक-दूजे का*
*हाथ थामता।*

*तकरार भी होती, कभी-कभी*
*प्यार में,*
*पर समझौता ही सिखाता,*
*रिश्तों के संसार में।*
*धैर्य से बंधी ये डोर कभी टूट*
*न पाए, विश्वास की नींव पर*
*ये घर-आंगन महकाए।*

*जब एक झुके, तो दूजा भी*
*सिर झुका दे, जीवन के हर*
*मोड़ पर साथ कदम बढ़ा दे।*



*हंसी में छिपा सुख, आंसुओं*
*में सहारा,*
*पति-पत्नी का बंधन, सदा*
*अनमोल प्यारा।*

*समर्पण, प्रेम, और विश्वास*
*की डगर,*
*इनसे ही संवरता है घर का*
*हर पहर।*
*जीवन का यह संग, अमर हो*
*हमेशा, पत्नी-पति का साथ,*
*जैसे आकाश और धरा।*

---

**शब्दों की सीख**

# एक कोना आकाश...




वंदना
प्रधानाचार्य, MGGS लिचाना


*अचानक लगा कि रात के प्रश्न हल हो रहें हैं। सपनों को दिशा मिल रही है। अब जागती आंखों से देख रही हूं एक आश्रम का सपना।*

आसमान में इक्का-दुक्का बादलो के टुकड़े... मन की शून्यता जैसे इसी कैनवास पर उभर रही थी। अचानक हलकी सी नींद के बाद मन किसी अनजाने भय से चौंक उठता और नींद पलकों से निकल कर भाग खड़ी होती। दिन में तो रेडियो का सहारा रहता है, किन्तु रात के सन्नाटे मन के अंधेरों को और भी गहरा देते हैं। लगता है चारों ओर कैक्टस उग रहे हैं और न जाने कब कोई एक कैक्टस का टुकड़ा दामन से चिपक जाएगा। यह विचार मात्र शरीर के रोम रोम में चुभन उत्पन्न कर देता है।

बचपन में भी सपने आया करते थे पर उनके रंग इतने हलके न थे। बहुत से रंग हुआ करते थे उनमें। कभी कभी सोचती हूँ क्या मां-बाऊ जी को भी आते होंगे ऐसे सपने। परेशानियां तो तब भी हुआ करती थीं। संयुक्त परिवार और हर नई जिम्मेदारी पहली वाली से बड़ी हुआ करती थी, लेकिन कोई भी अपने सपनों से भागता हुआ नहीं लगता था। छोटे-छोटे उन घरों में हरेक सपने का अपना एक कोना होता था और उस कोने का अपना एक आकाश भी खुद चुरा ही लिया करते थे लेकिन आज यह रिक्तता।

बहुत मेहनत से परिवार के हर सदस्य को उनके सपनों के पीछे चलने का उत्साह दिया था, तब कहां जानती थी कि कौन किस सपने के पीछे मन्त्रमुग्ध सा ऐसे चल देगा कि वापस लौटने का रास्ता तक नहीं ढूंढ पायेगा। सिर्फ आवाजें सुनाई देंगी। और शायद बरसों बाद तो वो आवाजें भी नहीं।

...तो रात में ये पुकार जो उन्हें बैचैन कर देती हैं, क्या उन्हीं अपनों की है। नहीं ये उनकी नहीं है, क्योंकि वो लोग तो अब पुकारते ही नहीं। बस बातें करते हैं वो भी फोन पर सहलाने की। अपनी मजबूरियों की। डरते हैं वे कि पुकारने पर कहीं पहले की तरह मैं एक साया बनकर खड़ी हो गई तो। प्यार से अपना हाथ उनके माथे पर फेरने लगी तो। न! न! झुर्रियां पड़े ये हाथ अब उतने मजबूत थोड़े ही रह गए हैं जो मात्र एक अंगुली के सहारे दलदल से निकाल घास के मैदानों में तितली पकड़ने के लिए छोड़ आया करते थे। पानी पीकर फिर से सोने की कोशिश करने लगी। अब बताओ निंदिया रानी तुम्हे मनाने के लिए क्या करूँ ...? लोरियां तो अब याद भी नहीं रहीं एक एक कर सब चुक गईं। दूसरे किसी को सुनने की फुर्सत भी नहीं, रज्जो की बेटी को भी नहीं।

रज्जो। काम वाली। उसकी बिटिया तो खुद समय से पहले बड़ी होने लगी है उसे लोरियां नहीं सुनाई देती बस बर्तनों की खटपट सुनती है। एक घर से दूसरे घर भागते हुए मां के आगे या पीछे। क्या रज्जो सुनाती होगी उसे लोरियां? नहीं रात को तो वह अपने शराबी पिता की गालियां सुनकर ही सो जाती होगी।

तुझे सपने आते हैं रज्जो? एक दिन मैंने पूछा था। सपने!! न बीबीजी सपनों का कहां टेम है। थककर नींद कब आई और कब उठने का टेम हो गया पता ही नहीं चलता। हां! ऐसा समय तो मेरा भी था तब घर में जगह कम और प्राणी ज्यादा थे। बड़े होने के नाते कमाने की जिम्मेदारी मुझ पर ज्यादा थी। अब घर में हर साल दीवारें आयल पेंट से सजती हैं, तब सफेदी भी कई बरसों में नसीब होती थी। दरवाजों पर महंगे परदे नहीं मां की इक्का-दुक्का कम घिसी साडी टंगी होती थी। बिना नए कपड़ों के भी दीवाली का उल्लास फूटते अनारों से ज्यादा खिलखिलाते चेहरों पर दिखता था। अब तो चेहरों पर कब दीवाली आई, कब होली गई पता ही नहीं चलता। हाथ बढ़ाकर लैंप जलाया देखूं तो क्या समय हुआ है? चलो तीन तो बज ही चुके हैं। डेढ़-दो घंटों में सूरज का उजाला भी फैलने लगेगा। सामने दीवार पर पेंटिंग लगी है। सीधे पल्ले की साड़ी पहने तन्मयता से दीप जलाती महिला मनोयोग से रौशनी को बुलाती प्रतीत होती है। आंखें बंद कर ही लूं। मैंने सोचा। कुछ ही देर में चकवा चकवी के स्वर सुनाई देने लगे। रात के बिछड़े पंछी एक दूसरे को पुकारने लगे हैं। कितना उल्लास है इनके स्वर में। दिन में ये कहां चले जाते हैं। पेड़ पौधे तो रहे नहीं। पौधों की जगह तो 8-10 फुट के लॉन कमरों में बोनसाई के रूप में सिमट कर रह गई है।

छुटका भी घर का विस्तार तो करना चाहता है पर बजट ने हाथ बांध रखे हैं। मेरे सामने भी प्रस्ताव तो रखा था पर घर के पुराने स्वरूप के मोहवश मैं चुप ही रही। भाभी व बच्चों को यह चुप्पी खली थी। न तो मैं बच्चों की बुआ थी न भाभी की ननद। ले देकर छुटके से तुम्हारी बहन कह कर ही संबोधित किया जाता था। त्यौहारों पर कहीं बहन को नेग देना होता तो पीछे हाथ बांधकर खड़ी हो जाती- तुम्हारी बहन है तुम ही दो। लगता था परिवार की परिभाषा ही बदली है। एक इकाई तो रह ही जाउंगी, लेकिन रिश्तेदारों ने इकाई सा मानने से इनकार कर दिया है तभी तो किसी भी न्यौते के कार्ड पर मेरा जिक्र तक नहीं होता। सोचते सोचते खिड़की में आ बैठी थी। वहां से बगीचा दिखाई देता है। उस दिन माली को टोक बैठी थी– इन पौधों में देसी खाद लाकर डालो। पर माली से पहले ही छुटका बोल पड़ा– दीदी आप दूसरों के काम में क्यों दखलंदाजी करती हो उसे भी तो अपने काम की नॉलेज होगी। शायद छुटके के कहने का असर तो न होता पर उसके बच्चों को फिस्स से हंसते देख मन खट्टा हो गया था। बगीचे में आज ताजा खिले किसी फूल को तलाशने लगी। सपना बीत गया था। फिर आंखें मुंदने लगी और एक चित्र तैर गया... नवरात्रों के पंडाल। पंडालों में देवी की मूर्तियों के साथ मदर टेरेसा की मूर्ति! अचानक लगा कि रात के प्रश्न हल हो रहें हैं। सपनों को दिशा मिल रही है। अब जागती आंखों से देख रही हूं एक आश्रम का सपना। जहां मेरी तरह कुछ पेंशन प्राप्त व्यक्ति अनाथ और असहाय लोगों के कल्याण के लिए योगदान देंगे। दैहिक और दैविक परिवार से इतर एक दुनिया और सपनों के आकाश का एक अपना कोना...।

**J&K विधानसभा चुनाव : नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला का शेख राशिद पर पलटवार... कहा-**

# चुनाव बाद भाजपा से गठबंधन पर रुख स्पष्ट करें AIP प्रमुख

एजेंसी | श्रीनगर

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने आवामी इत्तेहाद पार्टी के सुप्रीमो शेख अब्दुल राशिद को भाजपा के साथ चुनाव बाद गठबंधन की संभावनाओं पर अपना रुख स्पष्ट करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद वह भाजपा का समर्थन करेंगे या नहीं, इस पर वह चुप हैं। उन्हें यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि चुनाव के बाद वह किसी भी तरह से भाजपा का समर्थन नहीं करेंगे ।

दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम में चुनाव प्रचार के दौरान उमर अब्दुल्ला ने राशिद की कुछ टिप्पणियों के संदर्भ में कहा, मैं आज आप सभी को बता रहा हूं कि जब वह (शेख राशिद) वापस तिहाड़ जेल जाएंगे तो मैं उनके साथ जाऊंगा। उन्हें मैदान छोड़कर घर पर रहने दें। उमर अब्दुल्ला सोशल मीडिया पर बातचीत के दौरान राशिद की उन टिप्पणियों का जवाब दे रहे थे, जिसमें राशिद ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता को तिहाड़ जेल में उनके साथ जाने की चुनौती दी थी और कहा था कि बदले में वह (चुनाव) मैदान छोड़ देंगे। उमर अब्दुल्ला ने शेख राशिद से चुनाव प्रचार छोड़कर घर पर रहने को कहा। ज्ञात रहे कि शेख अब्दुल राशिद दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद थे और उन्हें विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए बुधवार को 22 दिन के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया है। रिहा होने के तुरंत बाद उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और उनके नेतृत्व पर निशाना साधना शुरू कर दिया।





### राशिद से लोस चुनाव हार गए थे उमर अब्दुल्ला

उमर अब्दुल्ला इस साल के लोकसभा चुनाव में राशिद के खिलाफ बारामुला निर्वाचन क्षेत्र से बड़े अंतर से हार गए थे। उमर ने राशिद को भाजपा के साथ चुनाव बाद गठबंधन की संभावनाओं पर अपना रुख स्पष्ट करने की चुनौती दी। अब्दुल्ला ने कहा, चुनाव के बाद वह भाजपा का समर्थन करेंगे या नहीं, इस पर वह चुप हैं। उन्हें यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि चुनाव के बाद वह किसी भी तरह से भाजपा का समर्थन नहीं करेंगे।

### राशिद पर गलत सूचना फैलाने का आरोप

अब्दुल्ला ने कहा कि बारामूला के लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि आप वोट के जरिए किसी को जेल से बाहर निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा, वोट के जरिए किसी को रिहा नहीं किया जा सकता। यह केवल अदालत के जरिए ही हो सकता है। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए भी राशिद पर निशाना साधा। अब्दुल्ला ने कहा, हमने अनुच्छेद 370 के बारे में बात की है। हमने कश्मीर मुद्दे पर बात की है। हमने हमेशा भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के बारे में बात की है। हमने यहां के लोगों के रोजमर्रा के मुद्दों पर भी बात की है। हमने कौन सा मुद्दा छोड़ा है?' अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को भाजपा की वजह से बहुत नुकसान हुआ है।

---

## निर्दलीय विधायक व पूर्व MLA हुए BJP में शामिल



**रांची।** भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को एक निर्दलीय विधायक, एक पूर्व एमएलए और वीआरएस लेने वाले एक पुलिस अधिकारी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित समारोह में निर्दलीय विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा और नवनीत हेंब्रम ने भगवा खेमे का दामन थामा। बाबूलाल मरांडी ने इस दौरान राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला है। वहीं, राहुल गांधी के विदेश में दिए जा रहे बयान पर भी तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पहले सिर्फ लालू यादव की पार्टी परिवार की पार्टी थी। लेकिन अब झारखंड में झामुमो भी हेमंत सोरेन परिवार की पार्टी बन गई है। इस सरकार ने सिर्फ अपनी तिजोरी को भरने का काम किया है।

## केजरीवाल के घर के बाहर आतिशबाजी पर FIR दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आवास के बाहर पटाखे फोड़ने के संबंध में एफआईआर दर्ज की है। यह घटना शुक्रवार को केजरीवाल के तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद हुई। दिल्ली सरकार ने सोमवार को सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए शहर में पटाखों के उत्पादन, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। पुलिस अधिकारियों ने सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

---

**पीएम ने हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव रैलियों को किया संबोधित**

# हरियाणा: आरक्षण को खत्म कर देगी कांग्रेस, यह अर्बन नक्सल का नया रूप

जम्मू कश्मीर व हरियाणा में भाजपा ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हरियाणा और जम्मू कश्मीर में भाजपा की चुनाव सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया।

■ **मन्नै इण पवित्र धरती पै आकै घणा आच्छा लाग रया सै**

एजेंसी | कुरुक्षेत्र (हरियाणा)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कहा कि कांग्रेस देश की एकता पर लगातार हमला कर रही है और भाजपा को बदनाम करने के लिए उसको भारत को बदनाम करने में शर्म नहीं आ रही है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में सबसे बड़ा दलित, ओबीसी और आदिवासी विरोधी अगर कोई है तो वो कांग्रेस का परिवार है। अभी इन लोगों ने कहा है कि अगर सरकार में आए तो दलितों और पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर देंगे। यही इस परिवार की सच्चाई है।

पीएम मोदी शनिवार को कुरुक्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। वे दोपहर बाद गीता की धरा से जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करने पहुंचे। उन्होंने जय श्री कृष्ण और राम राम के संबोधन के साथ रैली में संबोधन शुरू किया। उन्होंने हरियाणवी अंदाज में कहा कि मन्नै इस पवित्र धरती पै आकै घणा आच्छा लाग रया सै। उन्होंने कहा कि आज की कांग्रेस अर्बन नक्सल का नया रूप बन गई है। कांग्रेस को अब झूठ बोलने में कोई शर्म नहीं आती है। कांग्रेस हर रोज एक नया झूठ बोलती है। इसके लिए तुष्टीकरण ही सबसे बड़ा लक्ष्य है। आज तो हालत ये हो गई है कि कांग्रेस के राज में कर्नाटक में गणपति जी को भी सलाखों के पीछे डाला जा रहा है। पूरा देश आज गणेश उत्सव मना रहा है और कांग्रेस विघ्नहर्ता की पूजा में भी विघ्न डाल रही है। इसलिए अब कांग्रेस और उसके साथियों से सावधान रहना है।



### यह भी बोले पीएम मोदी

- दलित, ओबीसी और आदिवासी की सबसे बड़ी विरोधी है कांग्रेस
- कर्नाटक में सलाखों के पीछे डाला जा रहा है गणपति को

### 23 विधानसभा सीटों को साधा

- धर्मनगरी की धरती से मोदी उत्तर हरियाणा के छह जिलों की 23 विधानसभा सीट के मतदाताओं को साध गए। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार मोदी हरियाणा में आए और राज्य में हैट्रिक जमाने के लिए विपक्ष को घेरा।

### कांग्रेस ने किसानों और जवानों को धोखा दिया

पीएम मोदी ने कहा कि कर्मचारियों की हितैषी भाजपा सरकार नई पेंशन स्कीम लेकर आई है। इसमें कर्मचारियों के लिए निश्चित पेंशन की गारंटी है। इस नई पेंशन स्कीम का व्यापक स्वागत हुआ है, सरकारी कर्मचारियों ने इस पर खुशी जताई है। कांग्रेस ने किसानों के साथ ही हमेशा देश की रक्षा करने वाले जवानों को भी धोखा दिया है। ये भाजपा सरकार ही है, जिसने पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन लागू की।

### हरियाणा में MSP पर 24 फसलों की खरीद

पीएम मोदी ने ये लोग एमएसपी को लेकर कितना शोर मचाते हैं, जबकि हमारा हरियाणा देश का वो राज्य है, जो 24 फसलें एमएसपी पर खरीदता है। मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं कि वो लोग कर्नाटक और तेलंगाना में कितनी फसलें एमएसपी पर खरीदते हैं? वहां किसानों को कितना एमएसपी देते हैं? भाजपा की केंद्र सरकार ने किसान का बोझ अपने ऊपर लेने के लिए अनेक प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों के लिए बड़ी-बड़ी बातें करती है, उन्हें बड़े-बड़े सपने दिखाती है। सच्चाई ये है कि ये झूठ के अलावा कुछ नहीं है। अगर कांग्रेस में दम है, तो वो कर्नाटक और तेलंगाना में अपनी किसान योजनाएं क्यों नहीं लागू करती? कर्नाटक और तेलंगाना में विकास के सारे काम ठप्प हैं। कांग्रेस पार्टी की एक ही नीति है- चुनाव जीतने के लिए जनता का खजाना खाली करो। इसी तरह आप पंजाब की हालत देखिए, क्या कर दी है।

### राहुल गांधी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने खटाखट 8500 रुपए देने का झूठ बोला। लोग 1 जुलाई को लाइन में लग गए पैसे के लिए, लेकिन मिला केवल धोखा। पीएम मोदी ने कांग्रेस को धोखेबाज और झूठे वादे करने वाला बताया। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की स्थिति खराब कर दी। वहां कोई वायदा पूरा नहीं किया। सरकारी कर्मी वेतन के लिए हड़ताल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री व मंत्री को सैलरी छोड़ने का बहाना करना पड़ रहा है।

# J&K: तीन खानदानों के चक्कर में पिसता रहा प्रदेश

एजेंसी | जम्मू

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इस केंद्र शासित प्रदेश के डोडा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा के चुनावी अभियान का आगाज किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर तीनों खानदानों के चक्कर में पिसता रहा। इस बार का विधानसभा चुनाव तीन खानदानों और जम्मू के नौजवानों के बीच है। पीएम मोदी ने कहा कि एक खानदान कांग्रेस, दूसरा खानदान नेशनल कांफ्रेंस और तीसरा खानदान पीडीपी का है। यह तीनों खानदान दशकों तक जम्मू-कश्मीर की बर्बादी के जिम्मेदार हैं। इन तीनों खानदानों ने यहां पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। जमीनों के माफिया को बढ़ावा दिया। उन्होंने तीनों दलों पर जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को भी बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद से ही यह प्रदेश विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद परिवारवाद ने इसे खोखला करना शुरू कर दिया। जिन राजनीतिक दलों को आपने चुना, उन्होंने आपको नहीं, अपने परिवार को आगे बढ़ाया। जबकि यहां के लोग आतंकवाद की चक्की में पिसते रहे। इससे पहले पीएम मोदी ने स्थानीय भाषा में सभी लोगों का अभिवादन किया।




### यह भी बोले पीएम मोदी

- तीनों खानदानों ने दिया आतंकवाद व भ्रष्टाचार को बढ़ावा
- सुरक्षित व आतंक मुक्त जम्मू कश्मीर का करेंगे निर्माण

### कांग्रेस के झूठे वादों से रहें सावधान

पीएम ने कहा कि आपको कांग्रेस के झूठे वादों से बहुत सावधान रहना है। हिमाचल में सरकार बनाने के लिए इन्होंने ऐसे-ऐसे वादे करके सरकार बना दी कि पूरे राज्य को बर्बाद कर दिया। आज वहां सड़क, पानी, बिजली सब काम ठप पड़े हैं। कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा। महंगाई चरम पर है।

### नए नेतृत्व को नहीं उभरने दिया

मोदी ने परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों नए नेतृत्व को उभरने नहीं दिया। यहां पंचायत के चुनाव 2005 तक नहीं हुए थे। बीडीसी के चुनाव नहीं हुए थे। दशकों तक परिवारवाद ने यहां के लोगों को आगे नहीं आने दिया।

**अंतिम सांसे गिन रहा है आतंकवाद :** प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। पिछले 10 साल में जम्मू-कश्मीर में जो बदलाव आया है वो किसी सपने से कम नहीं है। जो पत्थर पहले पुलिस और फौज पर फेंकने के लिए उठते थे, अब उन पत्थरों से नया जम्मू-कश्मीर बन रहा है।

---

**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का खुलासा**

# लोस चुनाव से पहले एक विपक्षी नेता ने रखा था PM पद का प्रस्ताव

एजेंसी | नागपुर

केंद्रीय परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्ष के एक वरिष्ठ नेता ने उनके सामने प्रधानमंत्री पद का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। हालांकि, गडकरी ने विपक्षी नेता का नाम नहीं बताया और न ही घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गडकरी ने एक समारोह के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा, आम चुनावों से पहले एक वरिष्ठ विपक्षी नेता ने मुझसे संपर्क किया था। उस समय माना जा रहा था कि भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाएगी और सरकार बनाने के लिए उसे कुछ विपक्षी दलों के समर्थन की जरूरत हो सकती है। मैंने उनसे कहा कि मैं एक विचारधारा और विश्वास का पालन करने वाला व्यक्ति हूं। मैं एक ऐसी पार्टी में हूं जिसने मुझे वह सब कुछ दिया है जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। कोई भी प्रस्ताव मुझे लुभा नहीं सकता। गडकरी ने नागपुर में विदर्भ गौरव प्रतिष्ठान के एक कार्यक्रम में कहा, एक घटना मुझे याद आती है। एक नेता थे। मैं उनका नाम नहीं बताऊंगा। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर आप प्रधानमंत्री बनते हैं तो हम आपका समर्थन करेंगे। तब मैंने उनसे कहा कि आप मेरा समर्थन क्यों करेंगे? और मैं आपसे समर्थन क्यों लूंगा? प्रधानमंत्री बनना मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं है। मैं अपनी संस्था और अपने दृढ़ विचारों के लिए प्रतिबद्ध हूं।



### ईमानदारी से विरोध करने वालों का सम्मान होना चाहिए

गडकरी ने एक और वाकये का जिक्र करते हुए बताया, करीब 15 दिन पहले माकपा पोलित ब्यूरो के एक नेता मुझसे मिलने आए। उनसे मुलाकात के दौरान एबी बर्धन साहब (भाकपा के दिवंगत नेता) की बात निकली। मैंने उन्हें बताया कि विदर्भ के इतिहास में उनके जैसा बड़ा इंसान नहीं था। तब उन्होंने मुझसे कहा कि नितिन जी, वो तो आरएसएस के विरोधी थे। तब मैंने कहा कि ईमानदारी से विरोध करने वालों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि उसके विरोध में ईमानदारी है। जिसके विरोध में बेईमानी है, उसका सम्मान करने की आवश्यकता नहीं है।

## एक बार वचन से बंधे तो, फिर खुद की भी नहीं सुनते: शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को 'लाडली बहिन योजना' को लेकर शनिवार को कहा कि अगर महाराष्ट्र के लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति को बड़ा जनादेश दिया, तो राज्य सरकार इस स्कीम के तहत प्रति माह दी जाने वाली वित्तीय सहायता राशि को बढ़ाकर 3,000 रुपए कर देगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए महायुति सरकार की प्रमुख योजना मुख्यमंत्री माझी लाडली बहिन योजना के तहत फिलहाल प्रति माह 1,500 रुपए दिए जाते हैं। सीएम शिंदे ने फिल्मी अंदाज में कहा कि हम जो कमिटमेंट करते हैं तो फिर खुद की भी नहीं सुनते। उन्होंने कहा, विपक्ष यह कहकर हमारी आलोचना करता है कि राज्य सरकार बाद में खाली खजाना बताकर इस योजना को बंद कर देगी। लेकिन उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि राज्य का खजाना लोगों के लिए है। शिंदे ने कहा कि जब उनकी सरकार ने महिला यात्रियों के लिए सरकारी बसों का किराया 50 प्रतिशत कम कर दिया था, तब भी चिंताएं जताई गई थीं। यह कहा गया था कि इस कदम से राज्य परिवहन निगम को और अधिक घाटा होगा।

---

**हरियाणा विधानसभा चुनाव डायरी**

# JJP-ASP की आधी आबादी पर नजर... महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का वादा

एजेंसी | जींद/चंडीगढ़

हरियाणा में चुनावी घमासान तेज हो गया है और सियासी दलों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए बड़े बड़े वादे शुरू कर दिए हैं। जननायक जनता पार्टी के नेता व हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में प्रदेश में जननायक जनता पार्टी व आजाद समाज पार्टी (जेजेपी-एएसपी) की सरकार बनने पर सभी सरकारी शिक्षण संस्थाओं की शिक्षण कार्य में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इससे शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की बड़ी भागीदारी होगी। इसके साथ ही सहकारी सेक्टर की वीटा बूथ, हरहित स्टोर जैसी अनेक योजनाओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाएगी और आंगनबाड़ी-आशा वर्करों का मानदेय बढ़ाकर 21 हजार रुपए प्रतिमाह किया जाएगा।



दुष्यंत चौटाला ने शनिवार को ये घोषणाएं जींद में पत्रकारों से बातचीत के दौरान की।उन्होंने कहा कि जेजेपी ने पूर्व गठबंधन सरकार की हिस्सेदारी के दौरान भी महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण और राशन डिपुओं में 33 प्रतिशत की भागीदारी देने का काम करके दिखाया है और यह सभी वादे भी पूरे किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि जेजेपी-एएसपी गठबंधन राज्य विधानसभा चुनाव के लिए जल्द ही अपना घोषणा पत्र जारी करेगा। इसमें गठबंधन द्वारा हर वर्ग का ख्याल रखा जाएगा।

### नवीन जिंदल व बबीता फोगाट: रिश्तों पर भारी पड़ेगी राजनीति या करेंगे किनारा!





राजनीति कभी कभी रिश्तों पर भारी पड़ जाती है। ऐसा लगभग हर चुनाव में कहीं न कहीं नजर आ जाता है। इस बार हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी यह दृश्य देखने को मिल सकता है। भाजपा और कांग्रेस ने यहां 40-40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। भाजपा की सूची में कुरुक्षेत्र से जीतकर सांसद बने नवीन जिंदल और पूर्व पहलवार बबीता फोगाट का नाम शामिल है। नवीन जिंदल की मां सावित्री जिंदल भाजपा ने टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरी हैं। सावित्री जिंदल 2009 में कांग्रेस की टिकट पर जीतकर विधायक निर्वाचित हुई थीं। अब बेटे को भाजपा द्वारा स्टार प्रचारक बनाए जाने के बाद हरियाणा में चर्चा है कि क्या नवीन जिंदल हिसार में भी प्रचार के लिए जाएंगे और भाजपा प्रत्याशी डॉ. कमल गुप्ता के लिए वोट मांगेंगे। सवित्री जिंदल ने ऐलान किया है कि यह उनका आखिरी चुनाव है। इसी प्रकार बबीता फोगाट क्या अपनी चचेरी बहन विनेश फोगाट के खिलाफ प्रचार के लिए जींद में दस्तक देंगी। बबीता फोगाट 2019 विधानसभा चुनावों से पहले अपनी पिता महावीर फोगाट के साथ भाजपा में शामिल हुई थी। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को जुलाना में 24 हजार वोटों की लीड मिली थी। इसलिए विनेश के लिए यह सीट सुरक्षित मानी जा रही है। अब देखना यह है कि क्या बबीता जुलाना में विनेश के खिलाफ चुनाव प्रचार करेंगी।

### जेजेपी घोषणा पत्र में क्या-क्या शामिल होगा

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी-एएसपी की सरकार में नौकरियों में आरक्षण और विभिन्न सरकारी योजनाओं में बीसीए, बीसीबी वर्ग की भी बराबर हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह जननायक चौधरी देवीलाल ने किसान के साधन ट्रैक्टर पर टैक्स हटाया, उसी तर्ज पर विद्यार्थी, कमेरे, गरीब, मध्यम वर्ग के साधन दोपहिया वाहन को टैक्स मुक्त करने जैसे अनेक वादे जेजेपी-एएसपी अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी और गठबंधन की सरकार बनने पर उन्हें पूरा करेगी।

## जरूरी खबर

### कोलकाता में धमाका, एक व्यक्ति घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में शनिवार को विस्फोट हो जाने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए एनआरएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि दोपहर करीब 1.45 बजे तलतला पुलिस स्टेशन को ब्लोचमैन सेंट और एसएन बनर्जी रोड पएक संदिग्ध बैग होने की सूचना मिली। इसी बीच बैग की जांच के दौरान ही धमाका हो जाने से कचरा बीनने वाला एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने इलाके को सुरक्षा टेप से घेर लिया है। विस्फोट वाले स्थान पर जांच करने के लिए बम डिटेक्शन और बम निरोधक टीम को बुलाया गया। टीम के द्वारा बैग और आसपास की जांच के बाद क्लियरेंस प्रदान के साथ ही यातायात बहाल कर दिया केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने गृह मंत्री शाह को पत्र लिखकर विस्फोट की घटना की जांच का अनुरोध किया है।

### रेप केस: प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ आरोप पत्र पेश



**बेंगलुरु।** जेडीएस के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में एसआईटी के तीसरे आरोप पत्र से पता चला है कि वह पीड़िता को अपनी पसंद का इनरवियर पहनने और इस जघन्य कृत्य को अंजाम देते समय हंसने के लिए मजबूर करता था। मामले की जांच कर रही एसआईटीने शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत में 1,691 पन्नों का आरोपपत्र पेश किया और इसके साथ पीड़िता का बयान संलग्न किया। एसआईटी ने इस मामले में 120 से अधिक गवाहों से पूछताछ की है। पीड़िता ने बताया है कि प्रज्वल ने बंदूक की नोक पर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म किया।

### छात्रा के यौन उत्पीड़न पर प्रोफेसर निलंबित

**मुंबई।** मुंबई के बीवाईएल नायर अस्पताल की एक मेडिकल छात्रा से छह महीने पहले किए गए यौन उत्पीड़न मामले में आरोपित एसोसिएट प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। आरोपित एसोसिएट प्रोफेसर ने छात्रा को केबिन में बुलाकर उसकी गर्दन और कान के पीछे गलत तरीके से छुआ था। उसने दावा किया था कि वह लिम्फ नोड्स की सूजन की जांच कर रहा था। आरोप है कि एसोसिएट प्रोफेसर ने छात्रा को एप्रन हटाने के लिए कहा और उसके कंधे पर हाथ रखा था। आहत एमबीबीएस छात्रा ने अपने दोस्तों को इसकी जानकारी दी।

## कॉन्फ्रेंस में जुटे शिक्षाविद् व वैज्ञानिक




*नई दिल्ली। वायु सेना के दिल्ली स्थित नजफगढ़ वायु सेना स्टेशन पर शुक्रवार को आयोजित ई डब्लयू कॉन्फ्रेंस स्पेक्ट्रम में आईआईटी, डीआरडीओ व अन्य औद्योगिकी सहभागियों के शिक्षाविद् और वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस अवसर एक सामूहिक फोटो में प्रतिभागी।*

### मस्जिद विवाद: हिमाचल के कई शहरों में रहा बंद

**शिमला/हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में मस्जिदों के अवैध निर्माण और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की हालिया कार्रवाई के खिलाफ शनिवार को राज्य में दो घंटे के बंद के आह्वान का असर कई शहरों में देखने को मिला। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और विभिन्न व्यापारिक समूहों द्वारा पूर्वाह्न 11 बजे तक के बंद के बाद, बिलासपुर, कुल्लू, चंबा, हमीरपुर, पांवटा साहिब और अन्य स्थानों पर कुछ हिंदू संगठनों ने विरोध मार्च निकाला। शिमला में इसका ज्यादा असर नहीं दिखा क्योंकि व्यापार मंडल ने गुरुवार को ही बंद का आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियों ने हमीरपुर और चंबा शहरों में बंद के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ किया और नारे लगाए। विहिप पदाधिकारियों ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन शिमला में एक मस्जिद में अनधिकृत निर्माण और मंडी में एक मस्जिद द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के अलावा बुधवार को शिमला में हिंदू समूहों के प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और शुक्रवार को मंडी में प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार किये जाने के खिलाफ था।

**रेप व मर्डर केस: सीएम निवास पहुंचे डॉक्टर लाइव स्ट्रीमिंग पर अड़े**

# बैठक नहीं करनी थी तो इस तरह अपमान क्यों कर रहे हो: ममता

एजेंसी | कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों की मांगों पर गतिरोध शनिवार को भी दूर नहीं हो सका। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार रात को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक के लिए उनके आवास पहुंचा। हालांकि, डॉक्टर्स लाइव स्ट्रीमिंग पर अड़े रहे, जिसकी वजह से दूसरी बार बैठक टल गई। जब डॉक्टर्स मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे पर ही खड़े रहे, तो ममता बनर्जी ने उनसे कहा कि जब आपको बैठक में आना ही नहीं था, तो फिर यहां क्यों आए। इस तरह अपमान क्यों कर रहे हैं?



हालांकि ममता बनर्जी ने डॉक्टरों से बातचीत की और उन्हें समझाया। मुख्यमंत्री का कहना था कि चूंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, इसलिए मीटिंग की लाइव स्ट्रीमिंग नहीं की जा सकती है। हम बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग करेंगे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी के बाद ही हम उसे आपको उपलब्ध कराएंगे। दरवाजे पर खड़े डॉक्टरों से ममता बनर्जी ने कहा कि आप सभी दो घंटे से बारिश में खड़े हैं, मैं आप सभी का इंतजार कर रही हूं। मैं आपको भरोसा दिलाती हूं कि जो भी रिकॉर्डिंग होगी, वह आपको दे दी जाएगी। मेरी विनती स्वीकार करें और बैठक में शामिल हों। अगर आप लोग बैठक में नहीं आना चाहते हैं, तो अंदर जाकर चाय पीएं। हम बैठक की मिनट्स तैयार करके आपको दे देंगे। रिकॉर्डिंग बाद में दे दी जाएगी। मैंने पहले भी कहा है कि रिकॉर्डिंग आज नहीं दी जा सकती... आपकी सभी मांगें मान लेना संभव नहीं है। सीएम ममता बनर्जी से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे जूनियर डॉक्टरों में से एक डॉक्टर ने कहा, 'हमने इस बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग के लिए अनुरोध किया। मुख्य सचिव ने कहा कि लाइव स्ट्रीमिंग संभव नहीं है। हमने मुख्य सचिव से कहा कि हम लाइव स्ट्रीमिंग चाहते हैं ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इससे पूर्व धरनास्थल से रवाना होने से पहले आंदोलनकारी चिकित्सकों ने कहा कि उन्होंने सरकार के समक्ष पहले जो पांच मांगें रखीं थी, उससे कम पर राजी नहीं होंगे।

### पूर्व प्रिंसिपल घोष व एक SHO गिरफ्तार

कोलकाता डॉक्टर रेप व मर्डर केस में सीबीआई ने शनिवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के एसएचओ अभिजीत मंडल को एफआईआर दर्ज करने में कथित देरी,सबूत गायब करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पूर्व प्रिंसिपल घोष को वित्तीय अनियमितताओं के मामले में गिरफ्तार किया था। वह 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में है। कोलकाता हाइकोर्ट की तरफ से सीबीआई को अपनी जांच रिपोर्ट में हुई प्रगति को बताने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया गया था।

**राहत : सरकार ने बढ़ाई समय सीमा**

## अब 14 दिसंबर तक अपडेट हो सकेंगे 10 साल पुराने आधार कार्ड

एजेंसी | नई दिल्ली

आधार कार्ड होल्डर्स के लिए राहत भरी खबर है। अगर आपने अभी तक फ्री में आधार कार्ड अपडेट नहीं किया है तो अब आगे भी आप इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं. यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने फ्री में आधार अपडेट करने की डेडलाइन को आगे बढ़ा दिया है। शनिवार कोयूआईडीएआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि 14 सितंबर, 2024 को फ्री में आधार अपडेट की खत्म हो रही डेडलाइन को अब 3 महीने के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। ऐसे में इस सेवा का लाभ 14 दिसंबर, 2024 तक उठा सकते हैं। यूआईडीएआई ने सलाह दी है कि लोग 10 साल या उससे पुराने बने आधार कार्ड में सभी जानकारी को अपडेट किया जाए।



### केवल माई आधार पोर्टल पर फ्री हो सकेगा अपडेट

यूआईडीएआई ने यूजर्स को कहा है कि फ्री में आधार अपडेट करने की सुविधा केवल ऑनलाइन माध्यम के जरिए ही मिल रही है। ऐसे में माई आधार पोर्टल या यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता है। वहीं, आधार केंद्र में आधार अपडेट करने पर फ्री आधार की फैसिलिटी नहीं मिलेगी। ज्ञात रहे कि आइरिस और बायोमेट्रिक डिटेल्स को अपडेट करने के लिए आधार सेंटर जाना आवश्यक है।

**किसानों को मोदी सरकार की सौगात**

## बासमती चावल व प्याज के निर्यात से रोक हटाई

एजेंसी | नई दिल्ली

किसानों की आमदनी बढ़ाने और देश के कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजार में और मजबूती दिलाने के लिए मोदी सरकार ने अहम फैसले किए हैं। सरकार ने बासमती चावल और प्याज पर से न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की शर्त हटाने की घोषणा की है। इसके साथ ही सरकार ने एक प्याज के निर्यात पर लगने वाले शुल्क की दर को भी आधा कर दिया गया है। साथ ही रिफाइंड तेल पर ड्यूटी बढ़ाने का भी फैसला किया है।



वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि सरकार ने अगस्त 2023 में बासमती चावल के निर्यात के लिए प्रति मीट्रिक टन 1200 डॉलर की न्यूनतम सीमा तय की थी, ताकि घरेलू आपूर्ति में कमी और बढ़ती कीमतों को रोका जा सके। लेकिन, व्यापारिक संगठनों और हितधारकों की अपील के बाद इस सीमा को अक्टूबर 2023 में घटाकर 950 डॉलर प्रति मीट्रिक टन कर दिया गया था। अब सरकार ने न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटा दिया है।

वहीं, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पर कहा, सरकार ने प्याज की निर्यात नीति में बड़ा फैसला लिया है। अब न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की शर्त हटने और निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत से कम होकर 20 प्रतिशत पर आने से अधिक मात्रा में प्याज का निर्यात किया जा सकेगा।

### रिफाइंड तेल पर बेसिक ड्यूटी बढ़ाई

किसानों के हित में सरकार ने रिफाइंड तेल पर बेसिक ड्यूटी बढ़ाकर 32.5% कर दी है, जिससे सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली की फसलों की मांग बढ़ेगी और किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर दाम मिल सकेगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर कहा, सरकार के इस फैसले से किसानों को उनकी फसलों के लिए बेहतर कीमतें मिलेंगी और छोटे और ग्रामीण इलाकों में रिफाइनरियों के विकास से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश का अभिनंदन




*नई दिल्ली। रेलवे बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष सतीश कुमार का यहां आयोजत एक कार्यक्रम में अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वरिष्ठ भाजपा नेता महावीर सिंह भी उपस्थित थे।*

**हिंदी दिवस: राजस्थान समेत कई राज्यों में मेडिकल पाठ्यक्रम हिंदी में तैयार**

# अब हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा बनाने का है समय: अमित शाह

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हिंदी को एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि हिंदी अंतरराष्ट्रीय भाषा बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी संयुक्त राष्ट्र की भाषा बनने के साथ ही 10 से अधिक देशों की द्वितीय भाषा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कभी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती, क्योंकि वे सखियां हैं और एक-दूसरे की पूरक हैं। शाह ने हिंदी दिवस के अवसर पर चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार तब तक नहीं हो सकता, जब तक अन्य सभी भारतीय भाषाओं को मजबूत नहीं किया जाता और राजभाषा उन सभी के साथ संवाद स्थापित नहीं करती। उन्होंने कहा कि 'हिंदी शब्द सिंधु' शब्दकोष तैयार किया जा रहा है और अगले पांच साल में यह दुनिया का सबसे बड़ा शब्दकोष होगा। शाह ने भारतीय भाषा अनुभाग का भी शुभारंभ किया। शाह ने कहा कि आने वाले समय में यह सभी भारतीय भाषाओं की सुरक्षा का केंद्र बनेगा। मोदी सरकार के दौरान स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा




देने की नीति का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और उत्तराखंड में मेडिकल शिक्षा का संपूर्ण पाठ्यक्रम हिंदी में तैयार कर लिया गया है।

नई शिक्षा नीति में प्राथमिक शिक्षा को मातृभाषा में देने की मोदी सरकार की नीति का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जो देश अपनी भाषाओं की रक्षा नहीं कर पाते, वो अपने इतिहास, साहित्य व संस्कार से कट जाते हैं। मातृभाषाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा की अहम कड़ी बताते हुए शाह ने कहा कि जिस दिन हम अपनी भाषाओं को गंवा देंगे, उस दिन देश की एकता खतरे में पड़ जाएगी। भारतीय भाषा अनुभाग का शुभारंभ करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह विभिन्न भाषाओं के बीच संवाद स्थापित करने का काम करेगा। इसके तहत हिंदी के किसी भी लेख, भाषण या पत्र में भावानुवाद देश की सभी भाषाओं में किया जाएगा और इसी प्रकार देश की सभी भाषाओं के साहित्य, लेख और भाषणों का अनुवाद हिंदी में होगी।

### 13 भाषाओं में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की तैयारी

इसी तरह से भारत की 13 भाषाओं में इंजीनियरिंग का पाठ्यक्रम तैयार करने का काम जारी है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में हिंदी अनुसंधान की भी भाषा होगी। राजभाषा की हीरक जयंती के अवसर पर अमित शाह ने स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्के का भी लोकार्पण किया। इस अवसर उन्होंने राजभाषा गौरव और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार भी प्रदान किये।

### हिंदी भू-सांस्कृतिक भाषा

शाह ने कहा कि हिंदी भू-राजनीतिक भाषा से अधिक भू-सांस्कृतिक भाषा है। उन्होंने कहा कि उनके दोनों मंत्रालयों- गृह और सहकारिता मंत्रालय में फाइल के माध्यम से सभी संचार हिंदी में किए जाते हैं। शाह ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत की सभी भाषाओं को मजबूत किया जाए और राजभाषा को देश की संपर्क भाषा बनाया जाए, जिससे सभी लोग अपनी-अपनी भाषा में देश का काम कर सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और न्यायपालिका में हिंदी के प्रयोग की दिशा में काम कर रही है।

### हिंदी कहावत कोश का विमोचन

गृह मंत्री ने कहा कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड ने आज चिकित्सा शिक्षा का पूरा पाठ्यक्रम हिंदी में तैयार कर लिया है और आने वाले दिनों में भारत की लगभग 13 भाषाओं में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम तैयार करने का काम जारी है। इस कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक शरद अग्रवाल की पुस्तक 'हिंदी कहावत कोश' का भी विमोचन किया।

### चतुर्वेदी महापरिषद के प्रांतीय अधिवेशन में प्रतिभाओं का किया सम्मान

# तीन बिना बाप की बेटियों की शिक्षा शादी की जिम्मेदारी उठाएगा समाज

बेधड़क.जयपुर। 'समाज कल्याण के लिए बेटियों को गोद लिया जाएगा और समाज की ओर से बेटियों की पढ़ाई कराई जाएगी।' श्रीमाथुर चतुर्वेदी महापरिषद के प्रांतीय अधिवेशन के समापन समारोह में यह घोषणा हुई तो हर कोई समर्थन में नजर आया। महापरिषद के राष्ट्रीय सभापति नीरज चतुर्वेदी ने बताया कि समाज उत्थान के लिए सुकन्या निधि कल्याण योजना के तहत समाज की तीन बेटियों को गोद लेने का निर्णय किया गया। इनके पिता कोरोना में कालकल्वित हो गए थे। अब समाज इनको स्नातक स्तर की पढ़ाई के साथ उनके विवाह की जिम्मेदारी निभाएगा।



#### परिवारजनों की सदस्यता होगी सुनिश्चित

अधिवेशन में बताया गया कि राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रभारी क्षेत्रों का दौरा कर सदस्यता अभियान बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। जिला प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी अपने परिवारजनों की सदस्यता सुनिश्चित करेंगे। वहीं, युवाओं के लिए महिला और पुरुष वर्ग में बैडमिंटन तथा क्रिकेट प्रतियोगिताओं का जिला, प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



#### उपाधियां मिली तो हुए भावुक

महापरिषद के प्रदेशाध्यक्ष हृदयेश चतुर्वेदी और महामंत्री पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रांत का अधिवेशन टोंक रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला स्थित सुरभि सदन में पूरा किया गया। अधिवेशन में समाज की प्रतिभाओं को 'समाज-रत्न' और 'समाज-गौरव' की उपाधि से सम्मानित किया गया तो वे रोमांचित और भावुक हो उठे।

#### स्मारिका का विमोचन

राजस्थान के प्रदेश महामंत्री पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने कहा कि अधिवेशन के विशेष सत्र में समाज की स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथियों के उदबोधन व आशीर्वचन के बाद सभी ने सामूहिक स्वरुचि भोज का आनंद लिया और ग्रुप व सेल्फ फोटोज क्लिक कराकर आयोजनों की यादों को संजोया।

## बच्चों ने सजाई सजीव झांकी



**बेधड़क. जयपुर।** चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर पल्लीवाल में शक्ति नगर महिला मंडल की ओर से अर्हम ध्यान योग विषय पर सजीव झांकी सजाई गई। झांकी में 5 योगों का बच्चों ने सजीव चित्रण किया। झांकी का उद्घाटन सोहनलाल छाबड़ा और दीप प्रज्वलन विमला ने किया। झांकी को बनाने में सुनीता अजमेरा, मीनू गंगवाल, राजकुमारी बेद, अंकिता बिलाला, प्रेमलता बोहरा, बरखा गोधा, नीतू जैन, नेहा पाटनी, रमिता शाह, मीतू पाटोदी और महिला मंडल की महिलाओं का योगदान रहा।

## शोभायात्रा का पोस्टर लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** अग्रवाल समाज सेवा समिति ग्रैंड सीकर रोड की ओर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर अरुण अग्रवाल ने शनिवार को शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। गौरतलब है कि शोभा यात्रा 5 अक्टूबर को निकाली जाएगी।

## पखावज पर चोताल की प्रस्तुति



**बेधड़क. जयपुर।** मुंबई के ऋतुराज भोंसले ने पखावज पर चोताल ताल की प्रस्तुति देकर नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी को आगे बढ़ाया। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि मुंबई निवासी भोंसले ने वादन मे गुरु के सबक को खूबसुरती से प्रस्तुत किया। ऋतुराज ने घरानेदार परणे, सुन्दर तिहाई व अनके लयकारी और पखावज की दुर्लभ बंदीशों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह की ओर से कलाकारों को स्मृति चिह्न दिए गए।

## City इवेंट्स

### महाआरती के साथ की शांतिधारा



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीचंद्रप्रभू दिगंबर जैन मंदिर दुर्गापुरा में चातुर्मासरत मुनिश्री पावन सागर महाराज के सानिध्य में श्रीजी के अभिषेक, शांतिधारा के बाद विधान मंडल पर अष्ट द्रव्य से पूजा की गई। मनोज सौगाणी ने बताया कि शाम को गाजे-बाजे से संगीतमय महाआरती हुई। महाआरती करने का सौभाग्य हर्ष चंद, मनोज सौगाणी, सम्यक सौगाणी व समस्त सौगाणी परिवार को मिला। वहीं मंदिर कमेटी के द्वारा सौगाणी परिवार का सम्मान किया गया।

### जेकेके कर रहा कलाकारों की तलाश

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र (जेकेके) में स्वगृही नाट्य प्रस्तुति के लिए अभिनेताओं व अभिनेत्रियों की तलाश है। ऑडिशन के बाद कलाकारों का चयन किया जाएगा। इसके मद्देनजर जेकेके ने आवेदन मांगे जा रहे हैं। उम्मीदवार जेकेके के स्वागत कक्ष से आवेदन पत्र लेकर व गूगल फॉर्म के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। 16 सितंबर को सुबह 11 बजे तक आवेदन जमा करा सकते हैं और 16 व 17 सितंबर दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक रिहर्सल हॉल में ऑडिशन लिए जाएंगे। अक्टूबर में नाट्य प्रस्तुति का आयोजन होगा।

### 6 महिला टीमों के बीच हुए मैच



**बेधड़क. जयपुर।** महिलाओं की खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से आयोजित विमेंस क्रिकेट टूर्नामेंट बेटी प्रीमियर लीग का जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर शुभारंभ हुआ। पहले दिन 6 टीमों के बीच 10-10 ओवर के मैच हुए। लीग में महिला खिलाड़ियों की 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उदघाटन में बड़ी संख्या में भामाशाह और खेल प्रेमियों ने हिस्सा लिया।

### गोपी भट्ट स्मृति संगीत नाट्य समारोह में नाटक का मंचन

## पति की शराब की लत छुड़ाने को लिया 'ऊपरी हवा का सहारा'



बेधड़क | जयपुर

परम्परा नाट्य समिति की ओर से रवींद्र मंच पर नाटक 'ऊपरी हवा' का मंचन किया गया। नाटक के लेखक भाग चंद गुर्जर रहे तो निर्देशन तमाशा साधक दिलीप भट्ट ने किया। नाटक में दुखियारी औरत सुमन ऊपरी हवा का सहारा लेकर अपने पति की दारू की आदत को छुड़ाने का प्रयास करती है। रोज दारू पीकर पति आता है और परेशान करता है। इन्हीं चरित्राथों को दर्शाते हुए नाटक के लेखन में बड़े ढंग से ढूंढाड़ी भाषा का प्रयोग करते हुए हास्य से संवारा गया।

नाटक घर में तंग हो रही महिला पर केंद्रित रहा। नाटक शुरू होने से पहले स्व. गोपी भट्ट की तस्वीर पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी और उनके कार्यों पर प्रकाश डाला गया। नाटक में महेश महावार, मोनिका परिहार, हर्ष भट्ट, विपिन अटल और दिलीप भट्ट ने भाग लिया। वेशभूषा विजय लक्ष्मी भट्ट की रही। सेट सचिन भट्ट व रूपसज्जा नरेंद्र बब्बल ने संभाली। नाटक का मंचन 13वें स्व. गोपी भट्ट स्मृति संगीत नाट्य समारोह में किया गया।

अब रविवार को नाटक 'शिव महिमा' का मंचन किया जाएगा, जिसमें तमाशा शैली के कलाकार दिलीप भट्ट एकल प्रस्तुति देंगे, जो तमाशा शैली पर आधारित होगी।

### प्रेम निकेतन में डॉक्टर्स और भामाशाहों ने रखे विचार

## बुजुर्गों की देखभाल करने से एक अलग सुख और शांति मिलती है



बेधड़क | जयपुर

'रिटायर्ड होने के बाद मैं इन लोगों की सेवा में लगा, क्योंकि ये सूकून देता है। मैं दिल्ली में मेडिकल सेवाएं दे रही थीं, लेकिन फिर मैंने इन लोगों के बीच सुकून पाया और यहां सेवा दे रही हूं। मैं विदेश में कई वर्षों तक जॉब कर चुकी हूं, लेकिन अब इन लोगों के साथ जुड़ी हूं तो एक अलग सुख और शांति मिलती है।' ये अनुभव और विचार थे जवाहर सर्किल स्थित प्रेम निकेतन अस्पताल में एकत्रित हुए डॉक्टर्स और भामाशाह लोगों के, जो उन्होंने साझा किए। मानव सेवा संघ (धर्मार्थ ट्रस्ट) के जरिए वरिष्ठ नागरिकों की सेवा पर सभी ने अपने विचार रखे।

इस मौके पर शेखर गर्ग-प्रबंधक अध्यक्ष व निदेशक प्रेम निकेतन आश्रम (मानव सेवा संघ) ने बताया कि परिसर में वृद्धाश्रम भी है, जिसमें 70 से भी अधिक बुजुर्ग निवासरत हैं। मीना गर्ग-मंत्री व सचिव प्रेम निकेतन आश्रम (मानव सेवा संघ) ने कहा कि इस सेवा के दौरान हमने अनुभव किया कि अस्पतालों में गंभीर देखभाल सेवाएं महंगी हैं और सरकारी अस्पतालों में आसानी से उपलब्ध नहीं है। बुजुर्ग रोगियों को लंबे समय तक गंभीर देखभाल की आवश्यकता होती है। इसको महसूस करते हुए होम बेस्ड केयर के बीच की कड़ी के रूप में एलडर्ली क्रिटिकल केयर का विचार किया।

**धर्म-कर्म की बातें** | शहर के 225 से अधिक दिगम्बर जैन मंदिरों में हुए विशेष कार्यक्रम

## शरीर सुखाने का नाम नहीं, इच्छाओं का विरोध है तप

बेधड़क | जयपुर

दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों ने दशलक्षण महापर्व में वीतराग धर्म का उत्तम तप लक्षण मनाया। इस मौके पर शहर के 225 से अधिक दिगम्बर जैन मंदिरों में कार्यक्रम हुए।

इससे पूर्व दिगम्बर जैन मंदिरों में सुबह अभिषेक व शांतिधारा की गई। राजस्थान जैन युवा महासभा प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि उत्तम तप लक्षण पर प्रवचन देते हुए संतों व विद्वानों ने कहा कि तप चाहै सुरराय, करम शिखर को वज्र है। द्वादशविधि सुखदाय, क्यों न करै निज सकति सम।। उत्तम तप सबमाहि बखाना, करम शैल को वज्र समाना। बस्यो अनादिनिगोद मंझारा, भू विकलत्रयपशु तन धारा।। अर्थात समस्त रागादि परभावों की इच्छा के त्याग द्वारा स्वरुप में प्रतपन करना-विजयन करना तप है।

आत्मलीनता द्वारा विकारों पर विजय प्राप्त करना तप है। तप शरीर के सुखाने का नाम नहीं है, बल्कि इच्छाओं के विरोध का नाम है।



#### रत्नत्रय तेला व व्रत होंगे शुरू

राजस्थान जैन युवा महासभा के पदाधिकारियों ने बताया, कि रविवार को वीतराग धर्म का उत्तम त्याग लक्षण मनाया जासगा। सा ही 3 दिवसीय कर्म निर्झरा तेला व तिथि क्षय के कारण रत्नत्रय तेला और व्रत शुरू होंगे। खोह नागोरियान स्थित श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में विनोद-दीपिका जैन व कमल-मंजू वैद के नेतृत्व में भगवान के अभिषेक व विश्व में सुख-शांति की मंगल कामना करते हुए मंत्रोच्चार से शांतिधारा की गई। तत्पश्चात अष्ट द्रव्य से धर्म के उत्तम तप धर्म की पूजा की गई। शाम को महाआरती, णमोकार महामंत्र के जाप, भगवान आदिनाथ का चालीसा, भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए।


***सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन:*** सूर्य नगर के श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। श्योपुर के श्रीचन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में दशलक्षण धर्म पूजा की गई। मालवीय नगर के श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व मनाया गया। इस मौके पर महेन्द्र साह आबूजीवाले, सतीश काला, संजय साह, ध्रुव साह ने सहभागिता निभाई। मंगलवार को अनन्त चतुर्दशी व दशलक्षण समापन कलश होगें। 18 सितम्बर को षोडशकारण समापन कलश व पड़वा ढोक क्षमा वाणी पर्व मनाया जाएगा।





### अमेरिकी एस्ट्रॉनॉट्स की अंतरिक्ष से प्रेस कॉन्फ्रेंस... धरती पर वापसी में देरी पर दिया जवाब

# सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष से मतदान करने की जताई इच्छा



**एजेंसी** | वाशिंगटन

अंतरिक्ष में कई महीनों तक तकनीकी खरीबी के चलते फंसे रहे अमेरिका के बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल ने भले ही कुछ दिनों पहले धरती पर वापसी कर ली हो, लेकिन इसके साथ गए सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अब तक धरती पर वापस नहीं आ सके हैं। उन्होंने शुक्रवार को धरती से 420 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में ही दुनिया की पहली प्रेस वार्ता की। दोनों एस्ट्रोनॉट ने इसी के साथ नागरिक कर्तव्यों पर जोर दिया और कहा कि वो इस नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करना चाहते हैं। उन्होंने अनुपस्थित मतपत्र का भी अनुरोध किया ताकि वो ऑर्बिट से मतदान कर सकें। इस दौरान सुनीता विलियम्स ने बताया कि वह क्यों अभी धरती पर वापस नहीं आ सकीं? सुनीता ने कहा कि बोइंग विमान को उनके बिना धरती पर जाना और फिर उनका स्पेस में इतने महीना बिताना काफी कठिन रहा है। सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष में फंसे कई महीने हो चुके हैं और अब वो अगले साल धरती पर वापस लौटेंगी। इस बीच उन्होंने अपने साथी एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर के साथ पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कई सवालों के जवाब दिए और अपने दिल की बात भी कही।

### स्पेस में रहना पसंद

सुनीता ने बातचीत के दौरान कहा कि मैं यहां फंसी और ऑर्बिट में कई महीने बिताना मुश्किल तो था, लेकिन मुझे स्पेस में रहना काफी पसंद है। उन्होंने ये भी कहा कि मैं अपनी मां के साथ कीमती समय बिताना चाहती थी, लेकिन एक ही मिशन में दो अलग-अलग यान में रहकर अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि हम टेस्टर हैं और यही हमारा काम है। इस पेशे में यह चलता है। सुनीता विलियम्स ने आगे कहा कि हम स्टारलाइनर को पूरा करना चाहते थे, लेकिन आपको पेज बदलना ही होगा और अगले अवसर को तलाशना ही होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि वो एक साल तक स्पेस में रहेंगी, लेकिन उन्हें पता था कि वापसी में देरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस पेशे में ऐसा होता रहता है।

### क्या बोले साथी एस्ट्रोनॉट विल्मोर

सुनीता के साथी एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर ने कहा कि वो उन्हें दुख है कि वो अपनी छोटी बेटी के हाई स्कूल के अंतिम वर्ष के लिए मौजूद नहीं होंगे। उन्होंने इसी के साथ उन लोगों का भी शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उनको शुभकामनाएं भेजी। बता दें कि दोनों अब नासा के स्पेस स्टेशन पर रखरखाव और नए प्रयोगों पर काम कर रहे हैं।

## वाहनों के आयात से बैन हटाएगा श्रीलंका

**एजेंसी** | कोलंबो

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) कार्यक्रम से जुड़ी व्यापक आर्थिक सुधार रणनीति के हिस्से के रूप में 1 अक्टूबर से तीन चरणों में वाहनों के आयात पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाएगा। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने कहा कि मोटर वाहन आयात की अनुमति देने के लिए कैबिनेट की मंजूरी चार साल के कड़े आयात प्रतिबंधों के बाद मिली है, जो तीव्र आर्थिक संकट के दौरान द्वीप राष्ट्र के विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने के लिए लगाए गए थे। 2020 में कोविड-19 के प्रकोप के साथ, श्रीलंका ने विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने के लिए आयात प्रतिबंध लगाए। तब जरूरत दवा, ईंधन और भोजन जैसे आवश्यक आयातों के लिए घटते विदेशी भंडार का उपयोग करने की थी।

### पाकिस्तान के स्पीकर का ऐलान...

# संसद लॉज में रखे जाएंगे इमरान की पार्टी के गिरफ्तार सांसद

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की नेशनल असेंबली (एनए) के स्पीकर अयाज सादिक ने संसद लॉज को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के सांसदों के लिए उप-जेल घोषित किया। गौरतलब है, हाल ही में इन सांसदों को आतंकवाद विरोधी अधिनियम और हाल ही में लागू किए गए शांतिपूर्ण सभा तथा सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम 2024 के तहत गिरफ्तार किया गया था।

दूसरी ओर, इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पीटीआई के 10 गिरफ्तार सांसदों का रिमांड रद्द कर दी और उन्हें जेल भेज दिया। नेशनल असेंबली सचिवालय के एक अधिकारी ने शुक्रवार को गृह मंत्रालय के सचिव को लिखे पत्र में कहा, 'मुझे हाल ही में गिरफ्तार किए गए 10 पीटीआई सांसदों के संबंध में नेशनल असेंबली के स्पीकर द्वारा 11 सितंबर को जारी किए गए आदेश का संदर्भ देने का निर्देश दिया गया है ताकि वे राष्ट्रीय असेंबली के 9वें सत्र की बैठक में भाग ले सकें। स्पीकर ने प्रत्येक विधानसभा बैठक के बाद सांसदों को हिरासत में रखने के लिए इस्लामाबाद स्थित संसद लॉज को उप-जेल घोषित कर दिया है।'



### इन लोगों को किया गया गिरफ्तार

संगजानी में पार्टी की सार्वजनिक सभा के बाद विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार किए गए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसद शेर अफजल खान, मलिक मोहम्मद आमिर डोगर, मोहम्मद अहमद चट्ठा, मखदून जैन हुसैन कुरैशी, वकास अकरम, जुबैर खान वजीर, अवैस हैदर जाखड़, सैयद शाह अहद अली शाह, नसीम अली शाह और यूसुफ खान हैं।

### निलंबित किए थे सुरक्षा अधिकारी

पाकिस्तान की नेशनल असेंबली (एनए) के स्पीकर अयाज सादिक ने बुधवार को पांच सुरक्षा अधिकारियों को निलंबित किया था। यह कार्रवाई संसद भवन से विपक्षी सांसदों की गिरफ्तारी के मामले में की गई थी। ये सांसद जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से जुड़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ सुरक्षा अधिकारियों जो सादा कपड़े पहने हुए थे, उन्होंने संसद भवन में घुसकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सांसदों को गिरफ्तार किया था। इनमें पीटीआई के अध्यक्ष गौहर अली खान भी शामिल थे। इस कार्रवाई पर केवल विपक्ष ही नहीं, बल्कि सरकार की सहयोगी पार्टियों ने भी नाराजगी जताई थी।

### ईरान में महसा अमीनी के दिखाए रास्ते पर आधी आबादी

# सड़कों पर बिना हिजाब निकल रही महिलाएं

**एजेंसी** | दुबई

ईरान की सड़कों पर महिलाएं बिना हिजाब के नजर आ रही है। इस तरह की घटना यहां अब आम बात होती जा रही है। इसे महसा अमीनी की मौत की दूसरी बरसी पर विरोध के रूप में देखा जा रहा है। बता दें, 16 सितंबर 2022 को 22 वर्षीय ईरानी महिला महसा अमीनी की मौत हो गई थी। उसे ईरान की नैतिकता पुलिस ने हिजाब ठीक से न पहनने पर प्रताड़ित किया था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इसे लेकर काफी विरोध प्रदर्शन हुआ था। तेहरान की सड़कों पर खासकर शाम के समय महिलाएं बिना हिजाब के और अपने बाल खोलकर चलती नजर आ रही हैं। इसे लेकर कई वीडियो भी प्रसारित हो रहे हैं। वीकेंड में दिन के समय यहां महिलाओं को प्रमुख पार्कों में बाल खोलकर बैठे देखा जा रहा है। जबकि ईरान में महिलाओं के लिए हिजाब पहनना अनिवार्य है और इस नियम का उल्लंघन करने पर सख्त सजा का प्रावधान है। बता दें, साल 1979 में ईरान में हिजाब का कानून लागू हुआ था। इस कानून के लागू होने के बाद ईरान की महिलाएं अलग-अलग तरह से इसका विरोध करती रही हैं।



# हादसा: खाई में गिरी बस, 6 लोगों की मौत

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

बलूचिस्तान में एक बस दुर्घटना में 6 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए हैं। ये घटना डानासर क्षेत्र में हुई हैं, जहां एक यात्री बस गहरी खाई में गिर गई। घटना की जानकारी के अनुसार, बस एक पहाड़ी रास्ते से गुजर रही थी जब वो अचानक एक गहरी खाई में गिर गई। बस में कुल 30 से ज्यादा लोग सवार थे। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना सुबह के समय हुई, जब बस तेज रफ्तार में थी। घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है, और उन्हें बेहतर इलाज के लिए अन्य अस्पतालों में भेजा गया है। स्थानीय प्रशासन ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के इलाज के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का आश्वासन दिया है बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री ने भी इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है और कहा है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

### ईरान ने लॉन्च किया रिसर्च सैटेलाइट

# चमरन-1 ने ऑर्बिट से भेजे सिग्नल

**एजेंसी** | तेहरान

ईरान की सेना यानी इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स ने शनिवार सुबह इस साल की दूसरी सैटेलाइट लॉन्चिंग की है। इस सैटेलाइट का नाम है चमरन-1 है, जो एक रिसर्च सैटेलाइट है। इजराइल के साथ चल रहे तनाव के बीच सैटेलाइट को 550 km की ऊंचाई पर तैनात करना देश की सेना को ताकत प्रदान करता है।

चमरन-1 सैटेलाइट की लॉन्चिंग कैम-100 रॉकेट से की गई। तय कक्षा में स्थापित होने के कुछ घंटे बाद इस सैटेलाइट ने धरती पर सिग्नल भी भेजे। यह सैटेलाइट 60 किलोग्राम वजन का है। इसे लॉन्च करने का मकसद है हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सिस्टम को ऑर्बिट में चलाकर देखना। वहां मैन्यूवरिंग करना। इससे पहले ईरान ने जनवरी में सोर्या सैटेलाइट लॉन्च किया था। यह 750 किलोमीटर के ऑर्बिट में भेजा गया था।



### ईरान ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

ईरान ने इस आरोप को बेबुनियाद बताया है। ईरान ने कहा कि हमारे रॉकेट और सैटेलाइट में कोल्ड गैस प्रोप्लशन सबसिस्टम लगे हैं। जिन्हें स्पेस में जांचने की जरूरत थी। इसलिए यह रॉकेट और सैटेलाइट इस्तेमाल किया जा रहा है। ताकि अंतरिक्ष में नेविगेशन और एल्टीट्यूड कंट्रोल सबसिस्टम्स की जांच हो सके।

### अमेरिका ने बताया दुनिया के लिए खतरा

इस बीच अमेरिका ने कहा कि ईरान ने जिस रॉकेट से सैटेलाइट की लॉन्चिंग की है, वो एक लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक है। इससे भविष्य में ईरान अंतरिक्ष और दुनिया के लिए खतरा पैदा कर सकता है। यहां तक कि ऐसी मिसाइल तकनीक से परमाणु हमला भी कर सकता है। हालांकि, ईरान ने इस आरोप को बेबुनियाद बताया है। इस बीच अमेरिका ने कहा कि ईरान ने जिस रॉकेट से सैटेलाइट की लॉन्चिंग की है, वो एक लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक है। इससे भविष्य में ईरान अंतरिक्ष और दुनिया के लिए खतरा पैदा कर सकता है। यहां तक कि ऐसी मिसाइल तकनीक से परमाणु हमला भी कर सकता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl